खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मेरठ, मंगलवार 2 जून 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 360 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 15 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 20°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



सूर्यवंशी ने जीते ऑरेंज कैप, एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड खेल टाइम्स



महंगाई की मार झेलता आम आदमी, मजे में जिंदगी जीता एक वर्ग! सम्पादकीय



अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला पेज 12

# JEE एडवांस में बिहार के शुभम कुमार टॉपर


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई)- 2026 का परिणाम रविवार देर रात घोषित किया गया। बिहार के शुभम कुमार ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया। दिल्ली के कबीर छिल्लर दूसरे और राजस्थान के झुंझुनूं निवासी जतिन चाहर तीसरे स्थान पर रहे।

इस वर्ष टॉप-10 में शामिल 6 छात्रों ने राजस्थान के कोटा स्थित कोचिंग संस्थानों से तैयारी की है। परीक्षा में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 56,880 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। सफलता प्रतिशत 31.65 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। इस बार क्वालिफाइंग कटऑफ 74 से बढ़कर 92 अंक पहुंच गई है, जबकि सामान्य वर्ग के लिए विषयवार कटऑफ में भी 8 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिजल्ट घोषित होने के बाद कोटा के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जश्न का माहौल देखने को मिला। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नृत्य के साथ सफलता का उत्सव मनाया। ऑल इंडिया रैंक-7 प्राप्त करने वाले अर्णव ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों से लगातार तैयारी की और अब उनका लक्ष्य आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करना है। वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में आरोही देशपांडे ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जिन्हें 360 में से 280 अंक मिले और उनकी ऑल इंडिया रैंक 77 रही। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष परीक्षा का स्तर संतुलित रहा, जिसके कारण कटऑफ में बढ़ोतरी देखने को मिली।




शुभम कुमार



कबीर जतिन

- दिल्ली के कबीर दूसरे, झुंझुनूं के जतिन तीसरे नंबर पर, टॉप-10 में 6 स्टूडेंट ने राजस्थान में कोचिंग की

## लेबनान पर हमले से भड़का ईरान
# अमेरिका से वार्ता रोकी, दी होर्मुज बंद करने की धमकी

**तेहरान।** ईरान ने लेबनान पर इजरायली हमलों के विरोध में अमेरिका से चल रही बातचीत को रोकने का फैसला किया है।

ईरान का कहना है कि लेबनान में जारी हमले युद्धविराम का खुला उल्लंघन हैं। इसी के साथ ईरान समर्थित समूहों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर के अहम समुद्री रास्तों को बंद करने की चेतावनी भी दी है। तेहरान ने साफ कहा है कि जब तक गाजा और लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाई नहीं रुकती, तब तक अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। ईरान ने लेबनान से इजरायली सेना की पूरी वापसी की भी मांग की है। ईरान ने लेबनान पर इजरायली हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया। लेबनान में शांति प्रमुख शर्तों में शामिल थी। ईरान ने कहा है इजरायल के बेरूत पर हमला से हालात बिगाड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लायटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपये के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपये से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले साल से 62 फीसदी ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपये के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपये की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है।

### प. बंगाल मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सुवेंदु अधिकारी सरकार ने सत्ता संभालने के एक महीने के भीतर सोमवार को अपना पहला बड़ा कैबिनेट विस्तार किया। इसमें 35 नए मंत्रियों को शामिल किया गया है और इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी समेत कुल मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री के साथ पांच अन्य मंत्रियों ने शपथ ली थी। शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन में आयोजित किया गया था, जहां राज्यपाल आरएन रवि ने नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सोमवार को शपथ लेने वालों में 13 कैबिनेट मंत्री, 19 राज्य मंत्री और तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हैं।

### भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता लागू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते के सोमवार से लागू होने को दोनों देशों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। श्री गोयल ने कहा कि आज से भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो रहा है, और मैं इस बारे में लिख रहा हूं कि यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को कैसे और मजबूत करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी जी के भारत की वैश्विक व्यापार साझेदारी को विस्तार देने के दृष्टिकोण से प्रेरित यह समझौता नए बाजार खोलकर, निर्यात बढ़ाकर, निवेश आकर्षित करके और रोजगार सृजन में तेजी लाकर भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाएगा।

### म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में म्यांमार राष्ट्रपति यू मिन आंग हलिंग का स्वागत किया और कहा कि म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार है। भारत की पांच दिन की यात्रा पर आए म्यांमार के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति हलिंग का स्वागत करते हुए, कहा कि भारत और म्यांमार के बीच गहरे सांस्कृतिक, सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो सदियों पुराने हैं।

# NEET-UG परीक्षा कंप्यूटर आधारित कराने से सुप्रीम इन्कार

## सुप्रीम कोर्ट ने ऑफलाइन मोड को ही बरकरार रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इन्कार कर दिया और मौजूदा 'पेन-एंड-पेपर' (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इस संबंध में राहत देने से इन्कार कर दिया और मामले की सुनवाई जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है। पीठ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े कई निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने स्पष्ट किया कि वह केवल एक ही मांग पर जोर दे रहे हैं- 21 जून को होने वाली परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाए। वकील ने दलील दी कि आज मैं किसी अन्य मांग पर जोर नहीं दे रहा हूं। परीक्षा सीबीटी मोड में ही होनी चाहिए। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने हालांकि ध्यान दिलाया कि न्यायालय अतीत में भी इस तरह की समान याचिकाओं को खारिज कर चुकी है। उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह की राहत देने का 'कोई सवाल ही नहीं उठता', विशेषकर तब जब अधिकारी पहले ही पिछली परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की साजो-सामान संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। जब याचिकाकर्ता के वकील ने एक बार फिर कहा कि वह केवल सीबीटी से जुड़ी मांग पर ही जोर दे रहे हैं, तो पीठ ने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे पर तुरंत विचार करने के पक्ष में नहीं है और इसके बाद मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।



- एनटीए को राहत!
- मामले की सुनवाई जुलाई तक स्थगित की

### पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया: सीबीआई

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षद कुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी।

एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। इसी मामले में गिरफ्तार डा. मनोज शिरुरे, हर्षद कुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डा. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपये लिए थे।

- तीन आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी। इनके शपथ ग्रहण करने के बाद शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग की ओर से सोमवार को जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिटा सुब्रमणि मोहना और चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इनमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने इन न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी थी।

# कमर्शियल LPG सिलेंडर ₹42 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गई। इससे होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं और एलपीजी पर निर्भर अन्य व्यवसायों की परिचालन लागत बढ़ने की आशंका है।

दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गई है। कोलकाता में सबसे अधिक 53.50 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 43.50 रुपये और 46 रुपये बढ़ाई गई हैं। तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये की वृद्धि की है। हालांकि घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह नवीनतम बढ़ोतरी हाल के महीनों में वाणिज्यिक एलपीजी दरों में लगातार हुई वृद्धि के बाद की गई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईंधनों की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण ईंधन बाजारों पर दबाव बना हुआ है, जिससे वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की लागत बढ़ रही है। इस मूल्य वृद्धि का सबसे अधिक असर आतिथ्य और खाद्य सेवा क्षेत्र के व्यवसायों पर पड़ने की संभावना है, जहां रसोई गैस एक प्रमुख परिचालन आवश्यकता है। उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि ईंधन की लागत में लगातार वृद्धि से रेस्तरां, होटल और छोटे खाद्य विक्रेताओं का मुनाफा प्रभावित हो सकता है। इसके विपरीत, घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम दिल्ली में 913 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये पर स्थिर रखे गए हैं। सरकार और तेल विपणन कंपनियों ने आश्वासन दिया है कि देशभर में एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद रसोई गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।



- होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं परिचालन व अन्य व्यवसायों की लागत बढ़ने की आशंका

# शिक्षा को कारोबार बनाना सभी बुराइयों का आधार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर उसकी गलतियों के लिए छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार देते हुए कहा है कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय कारोबार बना दिया जाता है, तो उससे अनेक बुराइयां जन्म लेना शुरू कर देती हैं।

राहुल गांधी नेएक्स पर कहा कि सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं, तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है। डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं।



- कांग्रेस नेता ने छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार दिया

### दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग की बिल्डिंग में आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआत में कुछ रिपोर्ट्स में आग शिक्षा मंत्रालय के ऑफिस में लगने की बात कही गई थी, जिस पर कांग्रेस ने मामले को संदिग्ध बताया। बाद में कहा गया कि आग मंत्रालय के ऑफिस में नहीं, एसपीए भवन में लगी थी।

# GST संग्रह मई में बढ़कर 1.94 लाख करोड़ पर पहुंचा

## आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत का रहा जबरदस्त उछाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत के जबरदस्त उछाल के कारण इस साल मई में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.94 लाख करोड़ के पार दर्ज किया गया। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि मई में कुल जीएसटी संग्रह 1,94,184 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल मई के मुकाबले 3.2 प्रतिशत अधिक है।

इसमें घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रह गया, जबकि आयातित वस्तुओं पर संकलित जीएसटी की राशि 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपये दर्ज की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आयातित वस्तुओं, विशेषकर कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज उछाल के कारण उन पर जीएसटी की राशि भी उसी अनुपात में बढ़ी है। सरकार ने कुल 27,281 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड दिया जो सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत अधिक है। इसमें घरेलू रिफंड 4.3 फीसदी कम होकर 17,030 करोड़ रुपये और निर्यातकों को दिया गया रिफंड 16.6 प्रतिशत बढ़कर 10,250 करोड़ रुपये रहा। सकल जीएसटी संग्रह में से रिफंड को घटाकर शुद्ध जीएसटी राजस्व 1,66,904 करोड़ रुपये रहा। यह मई 2025 के मुकाबले 3.3 प्रतिशत अधिक है। शुद्ध घरेलू जीएसटी संग्रह 1,17,500 करोड़ रुपये रहा। यह सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत कम है। वहीं, शुद्ध सीमा शुल्क राजस्व 19.7 प्रतिशत बढ़कर 49,403 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीने में सकल जीएसटी संग्रह 6.2 फीसदी बढ़कर 4,36,887 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। इसमें 59,063 करोड़ रुपये की रिफंड की राशि घटा देने पर शुद्ध जीएसटी संग्रह 3,77,824 करोड़ रुपये बना है। रिफंड में सालाना 10.9 प्रतिशत और शुद्ध संग्रह में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।




- घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रहा

# मानसून दो-तीन दिन में केरलम पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दक्षिण- पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है।

आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है। देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई, जबकि 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

- देशभर में हीटवेव खत्म, राजस्थान के 3 जिलों में ओले गिरे

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री आवास के पास चार बस परिचालकों ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हाई-सिक्योरिटी वाले वीवीआईपी जोन में सोमवार सुबह दुबग्गा डिपो के चार संविदा सिटी बस परिचालकों ने मुख्यमंत्री आवास के निकट आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और गौतमपल्ली थाना पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप कर चारों को हिरासत में ले लिया। सभी सुरक्षित हैं और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य है। परिचालकों के मुताबिक दुबग्गा सिटी बस स्टेशन पर तैनात करीब 350 संविदा कर्मचारियों को प्रशासन सीधे संविदा से हटाकर 'एस' नामक निजी कंपनी के अधीन कर रहा है। उनका आरोप है कि नई व्यवस्था में वेतन 18,600 से घटाकर 11,000 कर दिया गया है। पिछले कई दिनों से वे अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार करीब 11 बजे मांगों पर सुनवाई न होने पर चार परिचालक सीएम आवास की ओर बढ़े और ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।

### शिक्षा मंत्रालय कार्यालय में आग पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय से जुड़े एक कार्यालय में आग लगने की घटना को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। चिब ने कहा कि देशभर में परीक्षा घोटालों, पेपर लीक और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने और उनके इस्तीफे की मांग तेज हो रही है। ऐसे समय में शिक्षा मंत्रालय से जुड़े कार्यालय में आग लगना गंभीर चिंताओं को जन्म देता है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा होने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने के बाद कांग्रेस के राज्यसभा उपनेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर जनता की जेब पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए कहा है कि एक तरफ प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी सरकार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रही है।

तिवारी ने सोमवार को कहा कि 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की वृद्धि कर दी गई है। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 3113.50 रुपये और कोलकाता में 3255.50 रुपये पहुंच गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम में 11 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जिससे छात्रों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों पर सीधा असर पड़ेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनवरी से जून के बीच 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में कुल 1560 रुपये और 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में 323 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने इसे लूट का सिलसिला बताते हुए कहा कि सरकार लगातार जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। श्री तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 116 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गई हैं, इसके बावजूद एलपीजी के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की जेब काट रही है और लोग इस स्थिति को भली-भांति समझ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गैस कंपनियों ने 1 जून से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की बढ़ोतरी की है। इससे पहले 1 मई को भी कमर्शियल सिलेंडरों के दाम बढ़ाए गए थे।



■ राज्यसभा उपनेता और पार्टी सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा- जनता की जेब पर डाका

# सीबीएसई विवाद को कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली की खामियों को देश के शिक्षा इतिहास की सबसे बड़ी संस्थागत विफलता बताते हुए कहा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें पद से इस्तीफा देना चाहिए अन्यथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें तत्काल हटा देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के शासन में देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर हुई है। सीबीएसई, नीट, यूजीसी-नेट और सीयूईटी जैसे मामलों ने देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली लागू करने से पहले शिक्षकों और विशेषज्ञों की गंभीर चेतावनियों को नजरअंदाज किया। उनके अनुसार परीक्षण के दौरान दर्जनों तकनीकी कमियां सामने आई थीं, लेकिन इसके बावजूद प्रणाली को जल्दबाजी में लागू कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि हजारों छात्रों को धुंधली, अधूरी अथवा गलत तरीके से स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं मिलीं और बड़ी संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं को दोबारा स्कैन तथा मैनुअल मूल्यांकन के लिए भेजना पड़ा। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के दौरान तकनीकी मानकों, स्कैनिंग गुणवत्ता और पात्रता संबंधी नियमों को कमजोर किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उनका कहना था कि डिजिटल प्रणाली में सुरक्षा संबंधी गंभीर खामियां भी सामने आईं, जिनसे छात्रों के डेटा और परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यह संकट केवल सीबीएसई तक सीमित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में नीट, यूजीसी-नेट, सीएसआईआर- नेट, नीट-पीजी, सीयूईटी, जेईई मेन तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, तकनीकी गड़बड़ियों और प्रशासनिक विफलताओं के कारण करोड़ों छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार छात्रों की आवाज उठा रहे हैं और परीक्षा प्रणाली से जुड़े मामलों में जवाबदेही की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार छात्रों की चिंता का समाधान करने के बजाय अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है। खेड़ा ने कहा कि सरकार ने शिक्षा बजट में कटौती की है, विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर किया है, शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे हैं और शिक्षा तथा रोजगार के बीच की खाई को बढ़ने दिया है। इन सबका खामियाजा देश के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर मिली चेतावनियों की अनदेखी क्यों की गई, टेंडर प्रक्रिया में बदलाव किसके निर्देश पर किए गए, पात्रता नियमों में संशोधन क्यों किए गए।



■ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें या उन्हें तत्काल पद से हटाएं प्रधानमंत्री मोदी: पवन खेड़ा

## जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े कई प्रकरण प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व वादों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह माह से अधिक समय से लंबित मामलों की विशेष समीक्षा की जाए और बिना उचित कारण विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय मिले और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंदों के उपचार, सहायता और समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है। जनता दर्शन के दौरान हापुड़ से आई एक छात्रा ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति और पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने छात्रा से उसकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। छात्रा द्वारा कक्षा सात में अध्ययनरत होने की जानकारी देने पर मुख्यमंत्री ने उसे आश्वस्त करते हुए कहा कि तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। मुख्यमंत्री ने छात्रा के अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। उन्होंने अधिकारियों को भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



■ अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री योगी ने छात्र-शिक्षक-अभिभावकों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। मेधावियों को चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा और अभिभावकों के चेहरे गर्व से दमक उठे। प्रदेश स्तर पर टॉप-10 स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल दिए गए। जनपद स्तर पर टॉप-10 में जगह बनाने वाले 1,459 मेधावियों को 21 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया जा रहा है। सीतापुर की कशिश वर्मा (97.83 प्रतिशत) को मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सम्मानित किया। लखनऊ पब्लिक कॉलेज के शिवम अवस्थी, कानपुर की अनन्या गर्ग और श्रेष्ठी सिंह, सीटीएमएस गोमती नगर के वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# भाजपा की नीतियों से खेती घाटे का सौदा बनी: सैलजा

**चंडीगढ़, वार्ता**

हरियाणा में सिरसा सीट से सांसद कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं हुआ, जबकि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार वृद्धि से खेती की लागत बढ़ी है।

कुमारी सैलजा ने यहां एक बयान में कहा कि हाल ही में एनपीके और पोटाश जैसे उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उनके अनुसार खेती के लिए आवश्यक संसाधनों के महंगे होने से किसानों की परेशानियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए कृषि आदानों की कीमतों पर नियंत्रण, डीजल पर राहत तथा फसलों के लिए लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से उर्वरकों की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने और किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने की मांग की। वह कांग्रेस किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाती रही हैं और आगे भी किसानों के अधिकारों के लिए आवाज उठाती रहेंगी।



काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 74267.34
निफ्टी 23382.60



सोना 160400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 269700
प्रति किलो



# सप्ताह के पहले दिन लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन शुरुआती तेजी के बाद गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 508.40 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 165.15 अंक यानी 0.70 फीसदी उतरकर 23,382.60 अंक पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेश धारणा प्रभावित हुई है।

कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा आज तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। वृहत बाजार में बिकवाली और ज्यादा रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.21 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.88 प्रतिशत टूट गया। आईटी, मीडिया और धातु को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। आईटी समूह का सूचकांक 2.66 फीसदी चढ़ा। इस सेक्टर में पिछले कुछ समय से लिवाली चल रही है। एफएमसीजी, बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर तीन प्रतिशत के करीब लुढ़क गया। आईटीसी में भी ढाई फीसदी की गिरावट रही। ईंधन के दाम बढ़ने से दोनों एफएमसीजी कंपनियां दबाव में हैं। एनटीपीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, टाइटन, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स और भारती एयरटेल में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। आईटी कंपनियों टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर साढ़े तीन से चार प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए। टीसीएस, इंडिगो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।



# सर्राफा बाजार में उथल-पुथल, सोना 2,500 रुपये टूटा चांदी भी 5,000 लुढ़की

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का सीधा असर अब सर्राफा बाजार पर दिखाई दे रहा है। वैश्विक बाजारों में आई इस उथल-पुथल और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, सोमवार को भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कीमती धातुओं के भाव धड़ाम हो गए। बाजार में बिकवाली के अहम आंकड़े इस प्रकार हैं। सोना: 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,500 रुपये (1.53:) की भारी गिरावट के साथ 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में यह 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट देखी गई है। यह 5,000 रुपये (लगभग 2 प्रतिशत) फिसलकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। पिछले सत्र में इसका भाव 2,74,700 रुपये था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस भारी गिरावट के पीछे भू- राजनीतिक तनाव और मजबूत होता डॉलर मुख्य कारण हैं।

# विनिर्माण गतिविधियों की रफ्तार मई में और मजबूत हुई

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू मांग आने और तैयार माल का भंडार बढ़ाने की कंपनियों की रणनीति के कारण मई में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी देखी गई। माह.दर.माह आंकड़ों की तुलना के आधार पर एचएसबीसी द्वारा जारी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अप्रैल के 54.7 से बढ़कर मई में 55.0 पर पहुंच गया। यह मार्च में 54.3 रहा था। सूचकांक 50 से जितना ऊपर होता है वह गतिविधियों में उतनी ही तेजी दर्शाता है जबकि 50 से यह जितना नीचे रहता है गतिविधियों में उतनी ही बड़ी गिरावट का संकेत होता है।

वहीं 50 का स्तर स्थिरता दिखाता है। पीएमआई सूचकांक तैयार करने के लिए नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ता को डिलिवरी में लगने वाले समय और कच्चे माल के भंडार जैसे कारकों का विश्लेषण किया जाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भट्टाचार्य ने कहा कि पीएमआई के आंकड़े दिखाते हैं कि पश्चिम संकट के अनसुलझे रहने के बीच विनिर्माता एक बार फिर तैयार माल का भंडार बढ़ा रहे हैं। उत्पादन वृद्धि में तेजी आई है। साथ ही कच्चे माल की खरीद और तैयार माल का भंडार उससे भी कहीं तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग आने से नए ऑर्डर में भी तेजी दर्ज की गई। हालांकि निर्यात के ऑर्डर की रफ्तार कम हुई है। अप्रैल की तुलना में लागत मुद्रास्फीति में मामूली राहत रही, जबकि उत्पादों की मुद्रास्फीति उससे कहीं तेजी से गिरी। यह दिखाता है कि कंपनियां कम मुनाफे पर सामान बेच रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए कंपनियों ने नए रोजगार दिए। हालांकि रोजगार बढ़ने की रफ्तार अप्रैल के मुकाबले कम थी, लेकिन फिर भी यह मजबूत रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# प्रधानमंत्री ने छह वर्ष पूरे होने पर पीएम स्वनिधि योजना की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छह साल पूरे होने पर इसके प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पहल ने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के अवसर प्रदान कर अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, योजना के लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं और देश की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने कहा, ष्आज हम पीएम स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे कर रहे हैं, जिसने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करके अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है। यह योजना विश्वास, गरिमा और सशक्तिकरण के बारे में है। सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं, जिनका दृढ़ संकल्प और उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जारी रखता है। केंद्र सरकार द्वारा जून 2020 में कोविड महामारी के बीच शुरू की गई, पीएम स्वनिधि को उन रेहड़ी पटरी वालों को आर्थिक सहारा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था जिनकी आजीविका लॉकडाउन और आर्थिक व्यवधानों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। यह योजना पात्र विक्रेताओं को बिना किसी गारंटर के कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाती है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने और विस्तार करने में मदद मिलती है। पिछले कुछ वर्षों में, यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा है जिसका उद्देश्य सड़कों पर रेहड़ी पटरी लगाने वालों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाकर उनके बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है और वे समय पर ऋण चुकौती से जुड़े प्रोत्साहन के पात्र हैं। सरकारी अधिकारियों ने पीएम स्वनिधि को एक परिवर्तनकारी कल्याणकारी उपाय के रूप में वर्णित किया है जिसने शहरी क्षेत्रों में लाखों छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जिससे उन्हें अपनी आय में सुधार करने और अपनी वित्तीय लचीलापन मजबूत करने में मदद मिली है।



# लेखपाल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रदेश की लेखपाल भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर प्रयागराज में छात्र आंदोलन और राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह सोमवार को प्रयागराज पहुंचे और प्रतियोगी छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता केके राय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब प्रशासनिक अधिकारियों ने सर्किट हाउस परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम को लेकर आपत्ति जताई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा और पुलिस अधिकारियों के साथ सांसद संजय सिंह की तीखी बहस भी हुई। हालांकि बाद में छात्रों और प्रतिनिधिमंडल के बीच संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संजय सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया।



छात्रों से मिले संजय सिंह

# उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ग्राहक-केंद्रित व्यवसाय की भूमिका अहम

**लखनऊ, वार्ता**

प्रसिद्ध प्रबंधन विशेषज्ञ, अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं मुंबई डब्बावाला मॉडल के लिए चर्चित डॉ. पवन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में ग्राहक-केंद्रित व्यवसायों और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

लखनऊ के एक होटल में आयोजित बीएनआई नेटकॉन 2026 को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यवसाय का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। किसी भी संगठन की हर गतिविधि ग्राहक-केंद्रित होनी चाहिए और ग्राहक को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करना प्रत्येक कर्मचारी और प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। विश्व की प्रमुख बिजनेस नेटवर्किंग एवं रेफरल संस्था बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) द्वारा आयोजित नेटकॉन 2026 में 900 से अधिक उद्यमियों, पेशेवरों, निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों के बीच नेटवर्किंग, रेफरल और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना था। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष के आयोजन से 30 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित व्यावसायिक अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, जो पिछले संस्करण की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। बीएनआई नॉर्थ लखनऊ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी ने कहा कि आर्थिक विकास का आधार विश्वास और सहयोग पर आधारित व्यावसायिक संबंध होते हैं। उन्होंने कहा कि नेटकॉन ऐसा मंच उपलब्ध कराता है, जहां उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ते हैं, नए अवसर तलाशते हैं और साझेदारी के माध्यम से विकास की नई संभावनाएं निर्मित करते हैं।

■ ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला: अग्रवाल

# भाजपा नेता ने रची थी भैंसा गांव में बवाल की साजिश!

**शुक्रवार देर रात भैंसा गांव में दो पक्षों में हुआ था पथराव और फायरिंग, पुलिस ने 21 के खिलाफ नामजद मुकदमा किया था दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना क्षेत्र के गांव भैंसा में शुक्रवार रात दो पक्षों के बीच मारपीट, पथराव व फायरिंग वाली घटना की पटकथा एक भाजपा नेता ने लिखी थी। पुलिस ने इस मामले में 21 नामजद व 12-14 के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पांच नामजद आरोपियों को जेल भेज दिया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। उधर, इस मामले को लेकर खुफिया विभाग भी सक्रिय है और सूत्रों की मानें तो भाजपा नेता की कारगुजारी की रिपोर्ट भी आला अधिकारियों को भेजी जा चुकी है।

गौरतलब है कि शुक्रवार रात भैंसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर रांगड़ व मलिक पक्ष के बीच बवाल हो गया था। दोनों पक्षों के दो युवकों के बीच पहले मारपीट हुई और कुछ ही देर में दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। पथराव के साथ हवाई फायरिंग भी की गई थी। इस घटना में चार लोग घायल हुए थे। इस मामले मवाना खुर्द चौकी इंचार्ज सतेंद्र कुमार



पुलिस हिरासत में आरोपी।

की ओर से गुलफाम, सुहैल, राशिद, अदनान, आबिद, आतिफ, आदिब, फिरोज खान, असद, रिशाद, आमिर, दानिश, इकरार, जहांगीर उर्फ शेरा, तसलीम, समद, साजिद, जावेद, शहनवाज, उवैश, शाहिद व 12-14 अज्ञात के खिलाफ बलवा, जानलेवा हमला व 7 क्रिमिनल एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में आमिर, असद, तसलीम, समद, रिशाद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भाजपा नेता हुआ अंडरग्राउंड

दरअसल, भैंसा गांव में हुए बवाल की साजिश भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी ने रची थी। घटना वाली रात उक्त नेता गांव में ही मौजूद था और अपने पक्ष को भड़काकर उक्त नेता ने मामूली मारपीट की घटना को बवाल का रूप दे दिया। घटना के बाद सक्रिय हुए खुफिया विभाग द्वारा पूरे मामले की रिपोर्ट आला अधिकारियों को भेज दी गई। वहीं, पुलिस भी उक्त भाजपा नेता की कुंडली खंगालने में जुट गई है।

# पिता का शांतिभंग में चालान, पुत्र को हिदायत देकर छोड़ा

- आरोपियों के खिलाफ सात महीने पहले दर्ज हुआ था मुकदमा
- आरोपी दर्ज कराना चाहते थे वादी पक्ष के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** सात महीने पहले अपने खिलाफ दर्ज मुकदमें में क्रॉस मुक. दमा दर्ज कराने पहुंचे पिता-पुलिस को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पिता का शांतिभंग में चालान कर दिया, जबकि पुत्र को हिदायत देकर छोड़ दिया।

मवाना नगर की भरत एनक्लेव कॉलोनी निवासी महिला ने पिछले साल 5 नवंबर को समित जैन व अतुल जैन निवासी झब्बर मंडी, मोहल्ला कल्याण सिंह के विरूद्ध ब्लैकमेलिंग व आईटी एक्ट की धाराओं में कोर्ट के आदेश पर



आरोपी अतुल जैन।

मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उनके पति का अतुल जैन से लेनदेन का विवाद चल रहा है। जिसके संबंध में उनके पति की ओर से थाना मवाना में मुअसं 340/25 धारा 333, 115(2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मुक. दमें में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। आरोप है कि मुकदमें में फैंसले का दबाव बनाने के लिए समित जैन व अतुल जैन सोशल मीडिया पर अश्लील व बदनाम करने वाली पोस्ट डालकर उन्हें अपमानित कर रहे थे। साथ ही आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें बदनाम नहीं करने की ऐवज में दस लाख रुपए की मांग की थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार को आरोपी पिता-पुत्र थाने पहुंचे और वादी पक्ष पर आरोप लगाते हुए क्रॉस मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरा. पी अतुल जैन का शांतिभंग में चालान कर दिया और पुत्र को हिदायत देकर छोड़ दिया।

# स्टार अल फलाह की जमर्रूद व सोफिया ने बढ़ाया किठौर का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के अटल सभागार में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में जनपद स्तर पर शीर्ष-10 में स्थान प्राप्त करने वाले 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सोमेंद्र तोमर, लोकसभा सांसद अरुण गोविल, विधायक अमित अग्रवाल, विधायक गुलाम मोहम्मद, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, संयुक्त शिक्षा निदेशक ओंकार शुक्ल एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का




सजीव प्रसारण भी देखा गया। हाईस्कूल वर्ग में सेंट जोसेफ गर्ल्स इंटर कॉलेज, सरधना की छात्रा अदीबा ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं अन्य मेधावियों को भी उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।इंटरमीडिएट वर्ग में ए.एस. इंटर कॉलेज, मवाना की वंशिका उपाध्याय ने जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। विशेष रूप से स्टार अल फलाह इंटर कॉलेज, किठौर की मेधावी छात्राएं जमर्रूद और सोफिया सम्मानित छात्राओं में शामिल रहीं। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से किठौर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और विद्यालय परिवार ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यही मेधावी छात्र-छात्राएं भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

# रस्सी से कार खींचकर सपाइयों ने जताया महंगाई का विरोध

- मैलोडी खाओं महंगाई भूल जाओं के सपाइयों ने लगाए नारे
- सपा नेता विपिन चौधरी के नेतृत्व में कमिश्नरी पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को बढ़ती महंगाई, बिजली दरों और पेट्रोल-डीजल, सीएनजी व रसोई गैस के बढ़ते दामों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के आह्वान पर सैकड़ों कार्यकर्ता कमिश्नरी पार्क मैदान में एकत्र हुए और वहां से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला।

प्रदर्शन का सबसे चर्चित पहलू रहा सांकेतिक विरोध। कार्यकर्ताओं ने ईंधन की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी पर बढ़ते बोझ को दर्शाने के लिए एक कार को रस्सियों से बांधकर कलेक्ट्रेट तक खींचा। इस दौरान 'महंगाई वापस लो', 'भाजपा सरकार होश में आओ' के नारे गूंजते




कलेक्ट्रेट पर हंगामा करते सपा कार्यकर्ता।

रहे। कलेक्ट्रेट पहुंचकर सपा नेताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिजली दरों में की गई वृद्धि को तुरंत वापस लेने, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी और रसोई गैस के दाम कम करने तथा महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारी को 'मेलोडी खाओ, महंगाई भूल जाओ' नारे के साथ मैलोडी टॉफी का पैकेट भी भेंट किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि महंगाई की मार से किसान, मजदूर, कर्मचारी, युवा और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित है। जनता की आवाज को सड़क से सदन तक उठाया जाता रहेगा। प्रदर्शन में हिमांशु मुकेश सिद्धार्थ ने भी समर्थकों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि महंगाई के नाम पर प्रधानमंत्री पूरी तरह खामोश है कभी अपनी पत्नी को मेलोडी नही खिलाई जबकि विदेश में जाकर महिलाओं को मेलोडी खिला रहे हैं और बेशर्मी की हद पार कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह, रजत शर्मा, जितेंद्र गुर्जर, शशिकांत गौतम, धर्मेंद्र चपराना, वसीम अंसारी, खेमचंद प्रधान, ओमप्रकाश खटीक, सरदार हरप्रीत आहूजा, तसव्वर अली, मेराज महलका सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## रालोद नेता मतलूब गौड़ का हाल-चाल जानने पहुंचे किसान नेता व समाजसेवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**परीक्षितगढ़।** किठौर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ के पैर में चोट लगने की सूचना पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पार्टी उपाध्यक्ष शिक्षक नेता चौधरी नरेशपाल ने मतलूब गौड का हाल जाना उन्होंने कहा कि मतलूब गौड़ एक जुझारू कर्मठ और जनप्रिय नेता है जिन्होंने हमेशा समाज के हित में कार्य किया है हाल ही में एक रैली के दौरान उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था। इस अवसर पर मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक प्रत्याशी इलियास कुरेशी वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश यादव बिजनौर से डॉक्टर कुसंग यादव सहित अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद रहे सभी ने मतलूब गौड़ के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की दीर्घायु होने की प्रार्थना की।

# जेईई एडवांस्ड 2026 में सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुनियोजित तैयारी व्यवस्था को एक बार फिर साबित किया है।

विद्यालय के छात्र प्रिंस वर्मा ने कैटेगरी रैंक 169 एवं सीआरएल 7237, प्रांजल सिंह राणा ने कैटेगरी रैंक 296 एवं सीआरएल 11270, अभिनव कुमार भार्गवल ने कैटेगरी रैंक 672 एवं सीआरएल 21611 तथा तुषांत सिंह ने कैटेगरी रैंक 870 एवं सीआरएल 25987 प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं अर्नव शर्मा ने कैटेगरी रैंक 4874 प्राप्त की। इसके अलावा मानव शर्मा और देव बालियान भी जेईई एडवांस्ड के लिए योग्य घोषित




प्रिंस वर्मा | प्रांजल सिंह | अभिनव भ्रगवाल | तुषांत सिंह | अर्नव शर्मा

हुए। विद्यालय के 'इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स' के फाउंडर एवं सीईओ डॉ. आर्यन अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओ.पी. अग्रवाल, निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह ने भी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का इंटीग्रेटेड शिक्षण मॉडल विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता दिलाने में लगातार प्रभावी सिद्ध हो रहा है। 'अब सलेक्शन होगा स्कूल से' विद्यालय का यह संकल्प एक बार फिर सफल साबित हुआ है।

## चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू

- अभियान को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज का भी मिल रहा सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय में छात्राओं और महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर एक बड़ी पहल शुरू हुई है। रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर स्वामी कल्याणदेव चिकित्सालय और महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज का भी सहयोग मिल रहा है।

### दो चरणों में चलेगा अभियान

शिविर के पहले दिन छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां ब्लड शुगर, थायरॉयड और लिपिड प्रोफाइल समेत कई जरूरी जांचें निःशुल्क की जा रही हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौके पर मौजूद रहकर स्वास्थ्य परामर्श भी दे रही है। आयोजकों ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के लिए शिविर दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 1 जून से 5 जून तक और दूसरा चरण 6 जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित होगा।

### इनकी रही अहम भूमिका

कार्यक्रम के सफल संचालन में महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. बिंदु शर्मा, डॉ. वैशाली पाटिल और डॉ. पी.के. बंसल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फार्मासिस्ट रीता रानी और वैशाली भी टीम के सक्रिय सदस्य के रूप में शिविर में सहयोग कर रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि नियमित स्वास्थ्य जांच से बीमारियों का समय पर पता चलता है और इलाज आसान हो जाता है। इसी सोच के साथ विश्वविद्यालय आगे भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम चलाता रहेगा।

## क्रेडिट कार्ड से खर्च 23.62 लाख करोड़ पार, रोजमर्रा में बढ़ा इस्तेमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में खरीदारी का तरीका तेजी से बदल रहा है। लोगों की बढ़ती आमदनी, शहरीकरण और डिजिटल लेनदेन को प्राथमिकता देने की वजह से क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इस समय देश में लगभग 11.86 करोड़ क्रेडिट कार्ड उपयोग में हैं। वित्त-वर्ष 2026 में क्रेडिट कार्ड से 23.62 लाख करोड़ से ज्यादा का खर्च हुआ। इससे साफ है कि क्रेडिट कार्ड अब सिर्फ अमीरों तक सीमित नहीं रहा बल्कि रोजमर्रा के उपयोग में आ गया है। एसबीआई कार्ड की एमडी एवं सीईओ सलिला पांडे ने कहा कि बढ़ती आय, बेहतर नीतियां, डिजिटलीकरण और मजबूत पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर ने लेनदेन का स्वरूप बदल दिया है। लोग अब लाइफस्टाइल से जुड़ी खरीदारी और बेहतर अनुभवों पर दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं। एसबीआई कार्ड के आंकड़े बताते हैं कि ग्राहक जरूरत की चीजों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी ज्यादा खर्च कर रहे हैं। कंपनी इनोवेशन और साझेदारियों से प्रोडक्ट पोर्टफोलियो मजबूत कर रही है।

# शार्ट सर्किट से परचून की दुकान में लगी आग

- पांच लाख रुपए का माल जलकर राख, फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में सुबह सवेरे चार बजे परचून की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग से लगभग पांच लाख रुपए का माल जलकर राख हो गया। दुकान मालिक नौशाद को आसपास के लोगों ने दुकान में आग लगने की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने में मदद की लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया और आग ने दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन 25 फूटा एक मिनारा मस्जिद वाली गली में नौशाद पुत्र गयासुद्दीन की परचून की दुकान है। नौशाद रात को अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। सोमवार को सुबह सवेरे समय करीब चार बजे अचानक दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में हाड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच तकरीबन पांच लाख का माल जल कर राख हो गया। घटना की सूचना थाना लिसाड़ी पुलिस को दी गई है। लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन 25 फूटा एक मिनारा मस्जिद वाली गली के रहने वाले नौशाद की परचून की दुकान है। ईद के चलते दुकान में पूरा माल भरकर रखवा दिया था। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी दलवीर सिंह घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी दी, दमकल विभाग की एक गाड़ी ने घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से पांच लाख रुपए का नुकसान बताया गया है।

# चौधरी चरण सिंह विवि में नित्य योगशाला का तृतीय स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय परिसर में संचालित नित्य योगशाला का तृतीय स्थापना दिवस समारोह आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्व. विद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, योग साधकों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। नित्य योगशाला की स्थापना वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय की सीएसआर पहल के अंतर्गत की गई थी। इसका उद्देश्य योग को जन-आंदोलन बनाकर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। तीन वर्षों में इसने सैकड़ों लोगों को नियमित योगाभ्यास से जोड़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें निदेशक शोध प्रो. बीरपाल सिंह और कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव शामिल हुए। योग शिक्षक अमरपाल ने विशेष योग सत्र कराया। कुलपति प्रो. शुक्ला ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन पद्धति है। तनाव और जीवनशैली जनित रोगों से बचाव के लिए योग जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से इसे दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नित्य योगशाला ने स्वास्थ्य जागरूकता का सशक्त मंच तैयार किया है। मुख्य अतिथि डॉ. तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली विधा है। उन्होंने युवा पीढ़ी को योग से जोड़ने पर जोर दिया। योग विज्ञान विभाग के समन्वयक प्रो. राकेश कुमार ने योग को जीवन जीने की कला बताया। इस मौके पर 80 वर्षीय नियमित सदस्य सतीश गुप्ता को अनुशासन और नियमित उपस्थिति के लिए 'नित्य योग श्री सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली पाटिल ने किया। अंत में सभी ने योग को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



# 38वें दीक्षांत समारोह से पहले सीसीएस यूनिवर्सिटी में 'दीक्षोत्सव-2026' का शंखनाद

**2 से 10 जून तक होंगे विविध आयोजन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में 38वें दीक्षांत समारोह से पूर्व 2 जून से 10 जून तक आठ दिवसीय 'दीक्षोत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की रचनात्मक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से यह उत्सव मनाया जा रहा है। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव है। दीक्षोत्सव से छात्रों को प्रतिभा प्रदर्शन, नेतृत्व विकास और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने सभी विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों से शत-प्रतिशत सहभागिता का आह्वान किया।

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष प्रो. नीलू जैन गुप्ता ने बताया कि उत्सव में निबंध, भाषण, देशभक्ति गीत, कविता, क्विज, लोकनृत्य, पोस्टर, स्लोगन, रंगोली एवं संस्थापन कला प्रतियोगिताएं होंगी। 2 जून को 'नशामुक्त भारत' विषय पर निबंध, 3 जून को 'विकसित भारतरू एक विश्व गुरु' पर भाषण, 4 जून को 'मेरा देश' पर गीत-कविता, 5 जून को 'उत्तर प्रदेश की संस्कृति' पर क्विज और 'नारी शक्ति वंदन' पर संस्थापन कला होगी। 8 जून को भारतीय लोकनृत्य, 9 जून को 'नारी शक्ति वंदन' पर पोस्टर-रंगोली और 10 जून को प्रदर्शनी व पुरस्कार वितरण अटल सभागार में होगा। इस वर्ष नवाचार के रूप में 'इंस्टॉलेशन आर्ट' एवं झांकी प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रो. अलका तिवारी ने बताया कि छात्र 'उत्तर प्रदेश की संस्ख्रति' और 'नारी शक्ति वंदन' विषयों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा 'मां-बेटी स्वास्थ्य सम्मेलन' भी आयोजित होगा, जिसमें छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर विशेषज्ञ माताओं-बेटियों को पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली पर मार्गदर्शन देंगे।

कुलसचिव के निर्देशानुसार सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राचार्यों को छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। कार्यक्रम में प्रो. कृष्णकांत शर्मा, डॉ. योगेंद्र गौतम, डॉ. अपेक्षा चौधरी, प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। दीक्षोत्सव-2026 शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य एवं नवाचार का समन्वित उत्सव बनेगा। विजेताओं को 10 जून को पुरस्कृत किया जाएगा।

**चेयरमैन सलमान मुनकाद की पहल**

# आयुष्मान शिविर में उमड़ी भीड़, सैकड़ों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बे के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने और आयुष्मान भारत योजना से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय, किठौर में एक विशेष आयुष्मान सहायता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन नगर पंचायत चेयरमैन सलमान मुनकाद के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया। शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड बनवाने, कार्ड में त्रुटि सुधार, पात्रता संबंधी जानकारी प्राप्त करने तथा योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में लोगों को विस्तार से जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लाभार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया। चेयरमैन सलमान मुनकाद ने कहा कि सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से आयुष्मान भारत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने और जरूरतमंद परिवारों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम किरन, एएनएम राखी शर्मा, सीएचओ अलवीरा, सीएचओ अर्चना, सीएचओ अलीम, सीएचओ अब्दुल कादिर, भूपेंद्र सिंह एवं रचित अधाना सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं नगर पंचायत कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने भी शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। शिविर के सफल आयोजन से लोगों ने राहत महसूस की और स्वास्थ्य विभाग व नगर पंचायत की इस पहल की सराहना की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से आम जनता को सरक. ारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में काफी सुविधा मिलती है।

# चोरी के लिए किराये की स्कॉर्पियो ले जाकर जीपीएस किया बंद, दो आरोपी गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** किराए पर गाड़ी देना अब जोखिम भरा हो गया है। बाईपास स्थित 'ड्राइव फॉर यू' के संचालक सुमित निवासी खानपुर के साथ ठगी का नया मामला सामने आया। 26 मई को दो युवक दुकान पर पहुंचे और 15,000 देकर स्कॉर्पियो किराए पर ले गए। 24 घंटे बीतने पर जब संचालक ने गाड़ी की लोकेशन चेक की तो जीपीएस बंद मिला। आरोपियों के मोबाइल भी स्विच ऑफ थे। गाड़ी की अंतिम लो. केशन उत्तराखंड के जंगल में मिली।

पीड़ित ने जानी थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू पुत्र मनोज कौशलेंद्र निवासी दिल्ली और अमित पुत्र सुरेंद्र निवासी थाना मेडिकल, मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से स्कॉर्पियो भी बरामद कर ली है। गाड़ी बरामद होने पर संचालक सुमित ने जानी थाना पुलिस की सराहना की।

# लिसाड़ी गेट एंटी रोमियो टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एंटी रोमियो टीम की प्रभारी रजनी यादव ने टीम के साथ थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के पहलाद नगर से पिल्लों खड़ी पुल तक एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया जिसमें शोहदों मनचलों को दी कड़ी चेतावनी, महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया। वहीं हेल्प लाइन नंबर जानकारी भी दी। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान चला रही है। महिला पुलिसकर्मी और एन्टी रोमियो टीम मंदिरों, बाजारों, स्कूलों-कॉलेजो व प्रमुख मार्गों पर चेकिंग कर रही है। अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं और बलिकाओं को जागरूक कर रही है। बेवजह घुमने वाले शोहदों और मनचलों को कड़ी चेतावनी दी जा रही है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए एंटी रोमियो स्क्वाड टीम मंदिर, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं महिलाओं से वार्ता कर उन्हें जागरूक कर रही है। साथ ही चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत

**शोहदों मनचलों को दी कड़ी चेतावनी, महिलाओं व बच्चों को किया जागरूक, हेल्प लाइन नंबर की दी जानकारी**

नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के लिए चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के तहत टीम ने महिलाओं को उनके आधिकारों और कानून के बारे में जागरूक किया।महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर अपराध 1930 को अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया। बेवजह घूमने वाले शोहदों मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गयी। एंटी रोमियो अभियान में मौजूद रही एंटी रोमियो प्रभारी रजनी यादव, हेड कांस्टेबल सुधा, हेड कांस्टेबल कृष्णा और लिसाड़ी गेट पुलिस शामिल रही।



# असकरीपुर पुल के पास नहर किनारे मूंज में मिला अज्ञात शव, पहचान में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई जब ग्राम असकरीपुर पुल के समीप खलासी नहर के किनारे मूंज की झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई और मौके पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने नहर किनारे मूंज में एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही किठौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष प्रतीत हो रही है। प्रथम दृष्टया शव करीब दो दिन पुराना लग रहा है। शव पर बाहरी तौर पर किसी प्रकार की चोट या संघर्ष के निशान दिखाई नहीं दिए हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। घटनास्थल पर शव मिलने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बना रहा। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान कराने के लिए उसके फोटो सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों से प्रसारित किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों समेत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल किठौर पुलिस से संपर्क करें, ताकि शव की पहचान कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल के परिवार से मिले विधायक अतुल प्रधान

**हत्या से दुखी परिवार को एक लाख की दी आर्थिक मदद, अनुष्का को दी श्रद्धांजलि**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** विधानसभा क्षेत्र सरधना के ग्राम चिरौड़ी की राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की निर्मम हत्या से क्षेत्र में शोक और आक्रोश है। सोमवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान गांव चिरौड़ी पहुंचे। उन्होंने दिवंगत खिलाड़ी के अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार के बाद विधायक प्रधान अनुष्का के आवास पर पहुंचे।

उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। विधायक ने इस घटना को समाज को झकझोर देने वाली बताया। उन्होंने कहा कि एक प्रतिभाशाली राष्ट्रीय खिलाड़ी की हत्या बेहद दुखद है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए और कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। परिवार की आर्थिक स्थिति देखते हुए विधायक ने तत्काल एक लाख की सहायता दी। उन्होंने भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अतुल प्रधान ने कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। विधायक ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग की। उन्होंने दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जोड़ा कि बेटियों की सुरक्षा समाज और सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम जरूरी हैं। इस दौरान गांव के गणमान्य लोग, क्षेत्रीय नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने अनुष्का को श्रद्धांजलि दी और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी रोष है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिल संशोधन कैंपों में त्वरित समाधान से उपभोक्ता हो रहें हैं लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक समाधान हेतु, विशेष मेगा कैम्पों को व्यापक सहयोग मिल रहा है। 15 मई 2026 से 30 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे इन कैम्पों में अब तक 14 जनपदों से कुल 29789 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमे से कुल 29487 शिकायतों का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान कर, उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। विशेष कैम्पों का आयोजन अधिशासी अभियन्ता एवं उपखण्ड अधिकारी कार्यालयों पर प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से साय 5 बजे तक किया जा रहा है। कैम्पों मे स्मार्ट मीटर संबधी शिकायतों का निस्तारण, गलत बिल संशोधन/ बिल रिवीजन, 1912 शिकायत पंजीकरण एवं समाधान, मोबाइल नम्बर अपडेट सुविधा तथा यूपीपीसीएल स्मार्ट एप सबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। सोमवार को आयोजित हुए कैम्पों में कुल 1008 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 994 शिकायतों का मौके पर ही समाधान अधिकारियों द्वारा तत्परता से कर दिया गया। कैम्पों मे बिल रिवीजन से संबंधित 207, मोबाइल नं. अपडेट से संबंधित 318, ऐप से संबंधित 264 शिकायतों का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य 205 शिकायतों का भी समाधान इन कैम्पों में किया गया, त्वरित शिकायतों का समाधान प्राप्त कर, उपभोक्ता लाभान्वित हो रहें हैं। 15 मई 2026 से अब तक आयोजित कैम्पों में कुल 29789 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 29487 शिकायतों का समाधान मौके पर ही अधिकारियों द्वारा कर दिया गया। कैम्पों मे बिल रिवीजन से संबंधित 6416, मोबाइल नं. अपडेट से संबंधित 8617, ऐप से संबंधित 9865 शिकायतों का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य 4589 शिकायतों का भी तत्काल निस्तारण कर, उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पीवीवीएनएल द्वारा घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को 30 अप्रैल 2026 तक के बकाया भुगतान हेतु 10 किश्तों की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। वहीं अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी बकाया भुगतान के लिए 03 किश्तों में भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है।

# सट्टा लगाकर भैंस बुग्गी दौड़ा रहे युवकों में हुई फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा से बटावली जाने वाले मार्ग पर सोमवार की दोपहर भैंसा बुग्गी सट्टा प्रतियोगिता हुई। दौड़ प्रतियोगिता करने के लिए आये आसपास गांव के युवको के बीच कहासुनी के बाद पहले मारपीट हुई तथा उसके बाद एक दूसरे पर रोक गालिब करने के लिए हवाई फायरिंग भी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस फायरिंग की घटना से इनकार कर रही है।

थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि सोमवार की दोपहर सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव बटावली मार्ग पर कुछ बटावली व झुनझुनी गांव के कुछ युवक सट्टा लगाकर भैंसा बुग्गी दौड़ा रहे हैं। जब पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो लगभग आधा दर्जन युवक आपस में मारपीट कर रहे थे। जब

**पुलिस ने आधा दर्जन को दबोचा**

वह मौके पर पहुंचे तो सभी आरोपी वहां से भागने लगे इसी भाग दौड़ में एक युवक की बाइक गिर गई और वह घायल हो गया बाकी सभी लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया और हिरासत में लेकर थाने ले आई सभी आरोपियों को हवालात में डाल दिया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को देखकर भागते समय समय एक व्यक्ति दूसरी बाइक से टकरा गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि भैंसा दौड़ सटा प्रतियोगिता में बहसुमा थाना क्षेत्र के गांव झुनझुनी, रहावती, मोडकला, तथा जानसठ थाना क्षेत्र के गांव घटायन आदि के बताये जा रहे हैं। जिन युवकों ने फायरिंग की है वह तखावली गांव के बताये जा रहे हैं। पकड़े गये युवको से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि फायरिंग की सूचना की जांच की जा रही है। अभी तक किसी भी युवक के पास कोई भी तमंचा या कारतूस बरामद नहीं किया गया है। फरार हुए युवको के घर दबिश दी जा रही है। बताया जा रहा है कि इस दौड़ पर बड़ा सट्टा लगाया गया था। हार जीत का फैसला होने से पहले ही दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई तथा एक पक्ष के लोगो ने फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गये। थाना प्रभारी रविंद्र पंवार का कहना है कि गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। आसपास के आम के बागो से धमाके छूटने की जानकारी मिल रही है। हालांकि वह पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रहे हैं जो भी व्यक्ति इसमें संलिपत पाया जाएगा उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# जेईई एडवांस्ड 2026 में मेरठ के 14 छात्र सफल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ रीजन के 14 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2026 क्वालिफाई कर संस्थान का परचम लहराया है। हर्षित गोयल ने एआईआर 393 हासिल कर जनपद मेरठ का नाम रोशन किया। टॉप परफॉर्मर्स में ऋषि अग्रवाल ने एआईआर 1471, आदित्य परमार ने एआईआर 3491, श्रेयस्थ वर्मा ने एआईआर 3651 और अभिक्षित सिंह ने एआईआर 4329 प्राप्त की। सभी छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे, जहां कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स पर खास फोकस किया जाता है। सफल छात्रों ने कहा कि स्टडी मटीरियल, मॉक टेस्ट, रेगुलर असेसमेंट और टीचर्स की मेंटरशिप ने तैयारी को मजबूत किया। उन्होंने कामयाबी का श्रेय पेरेंट्स और फैकल्टी को दिया। एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता लगन और डिसिप्लिन का नतीजा है। संस्थान टैलेंट को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रामराज में गौवंश पर हमला करने का आरोप, दोनों पक्षों ने दी थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर रामराज में गौवंश पर कथित हमले का मामला सामने आया है। घटना में गाय के घायल होने का दावा किया गया है। दोनों पक्षों ने एक दुसरे के खिलाफ थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सैफपुर फिरोजपुर रामराज निवासी सीमा पत्नी मुकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र चांद पुत्र मुकेश कुमार मंगलवार शाम करीब 4 बजे अपनी गायों को चराने के लिए मध्य गंगा नहर की ओर लेकर गया था। आरोप है कि शाम करीब 7 बजे जब वह गायों को वापस घर लेकर लौट रहा था और चतर सिंह कुम्हार के बाग के पास पहुंचा, तभी कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और गायों को आगे ले जाने से मना किया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने धारदार हथियार (तबल) से गाय पर



हमला कर दिया। जिससे गाय घायल हो गई। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित परिवार ने कुछ लोगों पर रास्ते में परेशान करने और धमकाने के आरोप भी लगाए हैं। मामले में थाना बहसूमा पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।वही भारतीय गौ सेवा संघ प्रदेश अध्यक्ष गौरव चौधरी ने बताया कि गौ माता पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है अन्यथा उच्चाधिकारियों से इस बारे में मिलकर बात रखी जाएगी।

## 11 साल पुराने पॉक्सो केस में दोषी को 10 साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र के 11 साल पुराने नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म मामले में पॉक्सो कोर्ट मेरठ ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया। स्पेशल जज ने आरोपी महताब पुत्र इश्त्याक निवासी मंडी चमारान को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी है। वर्ष 2015 में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म का मामला सामने आया था। थाना सरधना में पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। केस को जघन्य अपराध मानकर एसएसपी मेरठ के निर्देशन में लगातार मॉनिटरिंग की गई। अदालत ने महताब को आईपीसी की धारा 363 व 366 में 5-5 साल, धारा 342 में 6 माह और धारा 506 में एक साल की सजा भी सुनाई। जुर्माना न देने पर अतिरिक्त कारावास होगा। वहीं सह-अभियुक्त इश्त्याक पुत्र नम्बरदार को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया। इस फैसले में थाना सरधना पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन की प्रभावी पैरवी की अहम भूमिका रही। मॉनिटरिंग सेल के हेड कांस्टेबल इमरान खान और कांस्टेबल वीरपाल सिंह ने सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिला एवं बाल अपराधों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है।

## स्वामी विवेकानंद शोध पीठ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण शैक्षिक दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद शोध पीठ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में एक गरिमामयी एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण के मध्य डॉ. सूरज वालिया, प्रमुख, अर्थशास्त्र विभाग, आर.के.एस.डी. (पीजी) कॉलेज, कैथल, हरियाणा तथा डॉ. रितु कांग वालिया, सहायक प्रोफ़ेसर, अर्थशास्त्र विभाग, आर. के.एस.डी. (पीजी) कॉलेज, कैथल, हरियाणा ने शोध पीठ का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण अकादमिक आदान-प्रदान, शोध गतिविधियों के विस्तार तथा विद्यार्थियों में सकारात्मक शैक्षणिक चेतना विकसित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# शिक्षा समाज में दिलाती है सम्मान: विधायक अजय कुमार

## 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व 21 हजार का चेक देकर किया गया सम्मानित





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को छपरौली विधायक अजय कुमार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार शर्मा व जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा सम्मानित किया गया। इसमें इंटरमीडिएट के 13 तथा हाईस्कूल के 10 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं 21 हजार का चेक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अजय कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज में सम्मान दिलाती है, आत्मविश्वास बढ़ाती है तथा व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि जिस भी कार्य को करें, उसे ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ करें। परिश्रम कठिन अवश्य हो सकता है, लेकिन सफलता का वास्तविक मार्ग मेहनत से ही निकलता है, शॉर्टकट से नहीं। उन्होंने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि यह छात्र-छात्राओं के लिए गौरव के क्षण हैं। जो विद्यार्थी अपने माता-पिता एवं जनपद का नाम रोशन करते हैं, वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता आपकी पहचान बनती है, इसलिए जिस भी क्षेत्र का चयन करें, पूरी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ कार्य करें। यह जीवन का वह महत्वपूर्ण पड़ाव है जहां से सपनों को आकार मिलता है और हर सपने को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गांव में किसानों की पंचायत, सर्किल रेट बढाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** लहचौडा गांव में भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों की एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें सर्किल रेट बढानें और किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखी गयी।

लहचौड़ा गांव में किसानों की एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे औधोगिक क्षेत्र के लिए 12 गावों की जमीन अधिग्रहण की जानी है जिसमे किसानों ने मुआवजा बढाने और अन्य गावो किसानों ने बताया कि भूमि अधिग्रहण का विरोध किया गया जिसमें वर्तमान सर्किल रेट पर जमीन नही देने की बात हुई। महेश मास्टर ने बताया की प्रशासन को 2016 में हाइवे अधिग्रहण की गई भूमि में जो मुआवजा दिया गया था। उसको सर्किल रेट माना जाए उसका चौगुना मुवाज़ सरकार देती है। सरकारी नोकरी देती है। तो किसान भूमि का अधिग्रहण करने पर सहमती देगी नही तो भूमि अधिग्रहण नही होने दिया जाएगा। वही सभी 12 गांवो में जाकर किसानों ने हर गांवो से 4 किसानों की सिमिति भी बनाई गई। इस मौकें पर मास्टर विजयपाल, दीपक शर्मा, चन्द्रपाल, गोपिचन्द प्रधान, रामप्रकाश मास्टर, यादव,जगदीश, जगनपाल मास्टर, जगमाल, राकेश आदि कई गांवों के किसान मौजूद रहे।


## सीसीटीवी कैमरों को चालू कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर पालिका में श्रमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण वर्मा व मोहित चौहान समाजसेवी के नेतृत्व में ईओ को एक ज्ञापन दिया गया। इसमें कहा कि काफी लंबे समय से खराब पड़े हुए सभी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चालू कराया जाए। इसके लिए कई बार अवगत भी कराया जा चुका है, मगर अभी तक इस पर कोई संज्ञान नहीं दिया गया।

बडौत नगर के विभिन्न मुख्य चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को ठीक करवा दिया जाए। मुख्य चौहारों-दिल्ली बस अडडा, फूंस वाली मस्जिद, मुख्य बाजार, संजय मूर्ति, अग्रसेन चौक, पंचवटी मंदिर, समस्या कैमरे बन्द होने के कारण किसी अप्रिय घटना या अपराध होने पर पुलिस को निजी दुकानदारों के कैमरों पर निर्भर रहना पडता है। नगर पालिका का कैमरो को लगाने पर लाखों रूपये खर्च आया है तो यह शौपीस क्यो बना दिए, सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए इन सभी कैमरों को अविलम्ब चालू करें। ज्ञापन देने वाले सभासद इमरान तोमर, अमित राजपूत रवि तोमर, सभासद प्रमोद शर्मा, सभासद राहुल कश्यप, सभासद बाबूराम, सभासद रमेश शर्मा, सभासद पो. विंदर तोमर, सभासद पति जावेद खान, गौरव वर्मा आदि लोग शामिल रहे।

## ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालक का काटा 21 हजार का चालान




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर बाइक चलाने का एक मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालक का 21,000 रुपए का चालान काटा गया है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध है। यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, क्योंकि इस एक्सप्रेस कॉरिडोर पर वाहन तेज गति से संचालित होते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दो युवक प्रतिबंधित कॉरिडोर पर बाइक चलाते हुए दिखाई दिए। वीडियो सामने आने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और वाहन की पहचान कर कार्रवाई शुरू की। जांच के बाद संबंधित बाइक चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत 21,000 रुपए का चालान जारी किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और प्रतिबंधित मार्गों पर वाहन चलाने से बचें। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे नियम यात्रियों और वाहन चाल. कों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, इसलिए उनका पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

## लोगों ने की दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर प्रतिबंधित वाहनों को पूर्ण रूप से बंद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर प्रतिबंधित वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। इन वाहनों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। वाहन चालकों की सुरक्षा और हाद. सों को रोकने के लिए इस कॉरिडोर पर दोपहिया, तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों को प्रतिबंधित किया गया है।

जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई केवल वीडियो वायरल होने या फोटो संबंधित मामलों तक ही सीमित रह गई है। कई तरह की सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद भी हाईवे पर प्रतिबंधित वाहन लगातार देखे जा रहे हैं, जो हादसों का प्रमुख कारण बन रहे हैं। दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर ने दिल्ली से देहरादून तक यात्रा को सुगम बनाया है और रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं। हालांकि, प्रतिबंधित वाहनों की आवाजाही से वाहन चालकों के लिए नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने प्रतिबंधित वाहनों को हाईवे पर पूर्ण रूप से बंद करने की मांग की है। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और प्रति. बंधित वाहनों को दौड़ने नहीं दिया जाएगा।

## लूट के मामले में आरोपी को 7 वर्ष का कारावास, 2 हजार का लगाया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जनपद के दोघट थाना क्षेत्र में 2016 में हुई लूट के एक मामले में न्यायालय ने लगभग 10 साल बाद फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी को 7 वर्ष के कारावास और 2 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

यह घटना 3 जून 2016 को हुई थी, जिसमें 36,830 रुपये की लूट को अंजाम दिया गया था। वादी नूर आलम की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। लूट की इस वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। तब से यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था। सभी साक्ष्यों और गवाहों को सुनने के बाद, अदालत ने आरोपी आरिफ पुत्र जमशेद निवासी फौलादनगर को दोषी ठहराया। न्यायालय ने उसे 7 वर्ष के कारावास और 2 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

## माधव कुंज अपार्टमेंट का सत्यपाल सिंह ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** नगर के गांधी रोड स्थित नवनिर्मित (माधव कुंज अपार्टमेंट) का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. सत्यपाल सिंह ने फीता काट कर किया।

आयोजक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सुधीर मान को शुभकामनाएं देते हुए डा.सत्यपाल सिंह ने कहा कि हाईटेक डेवलपर द्वारा निर्मित माधव कुंज अपार्टमेंट भूकंप रोधी तकनीक से बनाया गया है। इसमें रहने के लिए आधुनिक सुविधाओं की उत्तम व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आवासीय प्रकल्प नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे और लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराएंगे। इस मौके पर 84देश खाप चौधरी सुभाष शर्मा ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद पुर्व कमिश्नर मुंबई ने बागपत में क्षेत्र की गणमान्य लोगों के साथ हमेशा दुख सुख में खड़े रहने का कार्य किया है। उन्होंने बागपत लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं अपनी समस्याएं मानते हुए बागपत का विकास करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी आज भी उनका ध्यान बागपत की जनता पर हर समय रहता है उनके विकास कार्य से जनता हमेशा खुश रही। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष नीरज कौशिक, एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा, राकेश जैन, सुरेंद्र तोमर, प्रकाश बावली, हरेन्द्र तोमर, एडवोकेट राकेश पंचाल, राहुल तोमर सहित अनेक गणमान्य लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को ग्राम निवाड़ा में लंबे समय से बन रही जलभराव एवं गंदगी की समस्या से परेशन होकर गांववासियों ने समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी एक ज्ञापन दिया।

डीएम को ज्ञापन देते हुए ग्रीमणों ने बताया कि ग्राम निवाड़ा स्थित तकिये वाली मस्जिद के समीप मुख्य मार्ग पर वर्षो से जलभराव और गंदगी की समस्या बनी हुई है। यह मार्ग गांव का प्रमुख रास्ता है, जिससे प्रतिदिन स्कूली बच्चों, नमाज अदा करने जाने वाले लोगों तथा कब्रिस्तान जाने वाले ग्रामीणों का आवागमन होता है। जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पिछले 6-7 वर्षो से बनी हुई है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मार्ग की सफाई कराते हुए जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## कॉलिज की कृषि भूमि पर अवैध चकरोड़ निर्माण के विरोध में धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलिज की प्रबन्ध समिति और कॉलेज प्रशासन तथा संस्था के आजीवन सदस्यो के द्वारा कॉलेज के बडौली कृषि फार्म की भूमि पर बिना किसी आधिकारिक पैमाइश और पूर्व सूचना के अवैध रूप से चकरोड/रास्ता निकाले जाने के विरोध में तहसील में धरना प्रदर्शन किया।

धरने की अध्यक्षता थांबा चौधरी जयपाल सिंह बावली तथा संचालन कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह लोहड्डा ने किया। धरने के उपरान्त कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह एवं महाविद्यालय प्राचार्य की ओर से उप-जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के अनुसार, कालेज के बडौली कृषि फार्म (खसरा/गाटा संख्या-206, कुल क्षेत्रफल 2.3380 हेक्टेयर) की कृषि भूमि पर कॉलेज अधिकारियों की अनुपस्थिति में नियमों को ताक पर रखकर जबरन रास्ता बनाया जा रहा था। इससे पूर्व भी कॉलेज द्वारा तहसील प्रशासन से भूमि की पैमाइश कराकर पक्की निशानदेही कराने का अनुरोध किया जा चुका था, परन्तु इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा गया। प्राचार्य एवं अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति ने स्पष्ट किया कि कॉलेज प्रशासन गऊशाला के लिए रास्ता देने का पूर्ण सहयोग करने को तैयार है, बशर्ते पहले कॉलेज की घटी हुई भूमि को पूरा किया जाए और नियमानुसार पैमाइश कर पक्की निशानदेही की जाए। धरने में उपस्थित लोगो ने चेतावनी दी है कि इस अवैध कब्जे और अतिक्रमण के कारण उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखण्ड और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में फैले संस्था के लगभग 18,000 आजीवन सदस्यों तथा क्षेत्रीय जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी के साथ ही, ज्ञापन में कॉलेज के अन्य कृषि फार्मों (झाल फार्म तथा शमशान फार्म) पर भी कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों और अतिक्रमणों को हटाने तथा उनकी भी पैमाइश कराकर पक्की निशानदेही करने की मांग की गई है। कॉलेज प्रशासन ने उप-जिला. धिकारी से शासनादेशों के अनुपालन में तत्काल प्रभाव से चल रहे अवैध निर्माण कार्य को रोकने और भूमि को पूर्व स्थिति में लाने का अनुरोध किया है। यदि प्रशासन द्वारा त्वरित और न्यायसंगत कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्रीय जनता और संस्था के हजारों आजीवन सदस्य धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान उपजिलाधिकारी, बडौत द्वारा एक माह के अन्दर समस्या का समाधान कराने जाने के आवश्वा. सन के उपरान्त धरना समाप्त किया गया। इस दौरान थांबा चौधरी ओमबीर सिंह, थांबा चौधरी ब्रजपाल सिंह, थांबा चौधरी देवेन्द्र सिंह बामनौली, चौधरी चौरासी के पुत्र संजीव चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शर्मा, अधिवक्ता वेदपाल सिंह पंवार, डॉ. महक सिंह, योगेन्द्र सिंह सोलंकी, रामछैल, यतेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, बुद्ध सिंह, भोपाल सिंह बडौली, सतवीर सिंह एल्लम, मनोज प्रधान बडौली, पूर्व प्रधान राजेन्द्र सिंह, विरेश पूर्व प्रधान आदि सहित मौजूद रहे।

## परिवार के खिलाफ ताई को भड़का रहा ताई का रिश्तेदार



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** क्षेत्र के ग्राम घिटौरा निवासी प्रवीण पुत्र ऋषिपाल ने खेकड़ा थाने में तहरीर देकर एक रिश्तेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्रवीण का दावा है कि यह व्यक्ति उनकी मानसिक रूप से अस्वस्थ ताई को भड़काकर परिवार को परेशान कर रहा है और उनकी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। प्रवीण ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण के अनुसार, उनकी ताई का एक रिश्तेदार लगातार उन्हें प्रवीण और उनके परिवार के खिलाफ उकसा रहा है। आरोप है कि यह रिश्तेदार ताई को बहला-फुसलाकर परिवार के विरुद्ध झूठी शिकायतें दर्ज कराने के लिए प्रेरित करता है। प्रवीण ने बताया कि उनकी ताई विधवा हैं और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। वह पेंशनभोगी भी हैं। आरोप है कि आरोपी उनकी इसी स्थिति का फायदा उठाकर उनकी पूरी संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहता है। प्रवीण का आरोप है कि आरोपी अक्सर उनकी ताई के पास आता-जाता रहता है और उन्हें प्रवीण व उनके परिवार के खिलाफ भड़काता है। प्रवीण ने यह भी आरा. ेप लगाया कि संबंधित व्यक्ति दबंग प्रवृत्ति का है। इसके कारण उनका परिवार लगातार मानसिक तनाव में जी रहा है। प्रवीण और उनके परिवार के सदस्य खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उन्हें भविष्य में किसी अप्रिय घटना या जान-माल के नुकसान की आशंका है। प्रवीण ने खेकड़ा थाने में तहरीर देकर इस मामले में उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की है। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर कंतुरा ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### युवती ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप लगाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के रटौल स्थित एक भट्टे पर सोमवार सुबह एक युवती ने एक युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और जांच शुरू की। युवती के अनुसार, वह सुबह शौच के लिए भट्टे पर गई थी। इसीदौरान वहां मौजूद एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब युवती ने विरोध किया, तो युवक ने कथित तौर पर मारपीट भी की। घटना के बाद युवती ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मामले की जानकारी मिलते ही रटौल चौकी पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ की। पुलिस ने घटना से जुड़े तथ्यों की गहनता से जांच की। रटौल चौकी प्रभारी भूरेंद्र सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला छेड़छाड़ का प्रतीत हुआ था। हालांकि, विस्तृत जांच के बाद यह आपसी विवाद का मामला निकला। उन्होंने यह भी बताया कि युवती ने बाद में चौकी में लिखित बयान दिया कि यह छेड़छाड़ नहीं, बल्कि आपसी झगड़े का मामला था। पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके चलते कहासुनी और झगड़ा हुआ। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई कर प्रकरण को शांत करा दिया है। पुलिस ने पुष्टि की कि मामले की गंभीरता से जांच की गई और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

## मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, फिर पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** कस्बे में सोमवार को मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद में दो पक्षों के लोग घायल हो गए। एक युवक ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को चोटें आई हैं और मामले की जांच की जा रही है।

खेकड़ा निवासी शुभम अपने परि. जनों के साथ कोतवाली पहुंचा। उसने पुलिस को तहरीर देकर आरा. ेप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाले युवक ने उसके साथ मारपीट की। शुभम के अनुसार, विवाद उसकी मां और पड़ोस की महिला के बीच हुई मामूली कहासुनी से शुरू हुआ था। इसी दौरान दूसरे पक्ष की महिला का बेटा वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। शुभम ने बताया कि जब उसने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी युवक ने उस पर हमला कर दिया। इस मारपीट में उसे चोटें आईं। घटना के बाद शुभम अपने परिवार के साथ थाने पहुंचा और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। जानकारी के मुता. बिक, दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई हैं। थाना प्रभारी प्रभाकर कंतुरा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद शुभम को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी खेकड़ा भेजा गया था। उन्होंने पुष्टि की कि शुरुआती जांच में दोनों पक्षों के बीच विवाद और उन्हें चोटें आने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जांच के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रितिक से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
सुनीता त्यागी पत्नि पवन त्यागी निवासी ग्राम अहमद शाहपुर पदडा थाना व जनपद बागपत।

# महंगाई के खिलाफ सपा का प्रदर्शन, भैंसा बुग्गी रोकने पर पुलिस से हुई तीखी बहस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को बढ़ती महंगाई और ईंधन की बढ़ी कीमतों के विरोध में शहर में प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ता भैंसा बुग्गी लेकर आंबेडकर तिराहे से निकले। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने धारा-144 का हवाला देते हुए भैंसा बुग्गी के साथ आगे बढ़ने से रोक दिया, जिस पर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई।



स्थिति को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से वार्ता की। काफी देर तक चले गतिरोध के बाद सपा नेताओं को जिलाधिकारी कार्यालय जाकर ज्ञापन देने की अनुमति दी गई। इसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता वाहनों से कलेक्ट्रेट पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और दो थानों की पुलिस बल को तैनात किया गया। बाद में सपा जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने एडीएम संदीप कुमार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा व्यवस्था, निजीकरण और भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे मुद्दों को उठाया गया। जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा आज समाजवादी पार्टी ने आम जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए यह प्रदर्शन किया है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई ने गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और मध्यम वर्ग के परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। देश और प्रदेश का युवा भी आज परेशान है। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। वर्षों तक तैयारी करने वाले छात्र निराशा और हताशा का सामना कर रहे हैं। सरकार को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करना चाहिए और पेपर लीक कराने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही खाली पड़े सरकारी पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश में बिजली की बढ़ी हुई दरों ने किसानों और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। निजीकरण को बढ़ावा देकर सरकारी संस्थानों को कमजोर किया जा रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करना मुश्किल हो रहा है। समाजवादी पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। हम मांग करते हैं कि पेट्रोल, डीजल, गैस और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में राहत दी जाए, बिजली दर वृद्धि वापस ली जाए, युवाओं को रोजगार दिया जाए और पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जाए। यदि सरकार जनता की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो समाजवादी पार्टी आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेगी।

## बोलीदाताओं की लापरवाही पड़ी भारी, 119 वाहनों की नीलामी हुई रद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** परिवहन विभाग के अंतर्गत विभिन्न थानों में धारा-207(1) के तहत निरुद्ध 119 वाहनों की नीलामी आखिरकार रद कर दी गई। नीलामी में उच्चतम बोली लगाने वाले तीनों बोलीदाताओं द्वारा निर्धारित धनराशि जमा न करने और नोटिस के बाद भी कोई जवाब न देने पर प्रशासन को यह निर्णय लेना पड़ा। अब विभाग दोबारा नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा।

बताया गया है कि सात अप्रैल 2026 को कार्यालय परिसर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा वाहनों की नीलामी कराई गई थी। समिति में क्षेत्राधिकारी यातायात तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) शामिल रहे। नीलामी में विभिन्न थानों में खड़े 119 वाहनों के लिए तीन बोलीदाताओं ने सबसे अधिक बोली लगाई थी और उन्हें नियमानुसार निर्धारित अवधि में धनराशि जमा करनी थी। हालांकि नीलामी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी किसी भी बोलीदाता ने बोली की रकम जमा नहीं कराई। इसके बाद प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से संबंधित बोलीदाताओं को नोटिस जारी कर भुगतान करने के निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने धनराशि जमा कराने में रुचि नहीं दिखाई। बोली की राशि जमा न होने से पूरी नीलामी प्रक्रिया प्रभावित हो गई। एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चौबे ने बताया कि नीलामी में सफल घोषित किए गए बोलीदाताओं द्वारा निर्धारित धनराशि जमा नहीं की गई। विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर भुगतान का अवसर भी दिया, लेकिन कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब वाहनों की पुनः नीलामी कराई जाएगी ताकि विभागीय प्रक्रिया पूरी हो सके और सरकारी राजस्व को नुकसान न पहुंचे।

## निर्माणाधीन सड़क बनी हादसे का कारण, गड्डे में गिरकर युवक ने गंवाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पिलखुवा-फगौता मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा इंतजामों की कथित कमी ने एक युवक की जान ले ली। अचपलगढ़ी निवासी 42 वर्षीय विजय की बाइक निर्माण स्थल पर बने गहरे गड्डे में गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है और उन्होंने निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।



बताया गया है कि विजय सोमवार को अपने किसी निजी कार्य से बाइक से निकले थे। अचपलगढ़ी रोड स्थित सिद्धिविनायक अस्पताल के पास पहुंचने पर सड़क निर्माण कार्य के चलते बने गहरे गड्डे के निकट उनकी बाइक असंतुलित हो गई। अंधेरा और पर्याप्त चेतावनी संकेतों के अभाव में वह गड्डे को नहीं देख सके और बाइक समेत उसमें जा गिरे। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और गंभीर रूप से घायल विजय को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उन्हें दूसरे अस्पताल भेजा गया, लेकिन चिकित्सकों के सभी प्रयास किल रहे और उनकी मौत हो गई। मृतक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। विजय अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। परिजनों का कहना है कि परिवार का कमाने वाला सदस्य चले जाने से भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह हादसा किसी प्राकृतिक कारण से नहीं बल्कि लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों ने प्रशासन से मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा सड़क निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## मसूरी एक्सप्रेस से गिरा युवक, पुलिस ने झाड़ियों से सकुशल निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रेलवे ट्रैक किनारे घनी झाड़ियों में घायल पड़े युवक के लिए पिलखुवा पुलिस फरिश्ता बनकर पहुंची। मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने के बाद युवक कई घंटे तक झाड़ियों में फंसा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया और आखिरकार युवक को खोजकर अस्पताल पहुंचाया, जहां समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई।

रविवार देर रात मसूरी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा एक युवक अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसे के बाद वह रेलवे लाइन के किनारे स्थित घनी झाड़ियों में जा गिरा। अंधेरा होने और आसपास कोई व्यक्ति न होने के कारण उसे तत्काल सहायता नहीं मिल सकी। ट्रेन में मौजूद अन्य यात्रियों ने घटना की जानकारी यूपी-112 पर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की लोकेशन ट्रेस कर रेलवे ट्रैक और आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस टीम ने कई किलोमीटर तक रेलवे लाइन के दोनों ओर खोजबीन की। काफी मशक्कत के बाद युवक रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों में घायल अवस्था में मिला। उसके शरीर पर गंभीर चोटें थीं और वह मदद के इंतजार में पड़ा था। पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे झाड़ियों से बाहर निकालकर सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। रामा अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि घायल को सही समय पर अस्पताल लाया गया, जिससे



उसकी हालत को नियंत्रित किया जा सका। देर होने पर स्थिति गंभीर हो सकती थी। कोतवाली प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना देरी किए खोज अभियान शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा और संकट के समय सहायता उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, चार बाल तस्करी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नाबालिग बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने और उन्हें खेतों में मजदूरी कराने के लिए बेचने वाले एक संगठित गिरोह का हापुड़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अपहृत बालकों को सकुशल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से पांच हजार रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।



पुलिस जांच में सामने आया कि शिवगढ़ी निवासी 15 वर्षीय किशोर 17 मई को किसी बात से नाराज होकर घर से साइकिल लेकर निकल गया था। वह सपनावत होते हुए ब्रजघाट पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात अमित कुमार नामक युवक से हुई। किशोर ने भूख लगने की बात कही तो अमित उसे खाना खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। आरोप है कि खाना खाने के बाद किशोर बेहोश हो गया और अगले दिन खुद को एक गांव में पाया। पीड़ित किशोर ने बताया कि वहां उससे कई दिनों तक खेतों में काम कराया गया। पशुओं के लिए चारा काटने समेत अन्य श्रम कार्य भी उससे कराए गए। इस बीच स्वजन ने नगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और सुरागों के आधार पर पुलिस आरोपितों तक पहुंची। हिरासत में लेकर की गई पूछताछ में गिरोह के पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। पुलिस ने हापुड़ के किशोर के अलावा वाराणसी से बहला-फुसलाकर लाए गए 17 वर्षीय एक अन्य बालक को भी बरामद कर लिया। क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान संभल निवासी अमित कुमार गुप्ता, लखनऊ निवासी दीपक, मुरादाबाद निवासी मुकेश शर्मा तथा अमरोहा निवासी योगेश ऊं लोकेश के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों आरोपितों को रेलवे यार्ड रोड स्थित नीलकंठ मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और इससे जुड़े नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## फ्लाईओवर के नीचे फैली गंदगी पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वर्ग आश्रम रोड स्थित फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर बह रहे गंदे पानी को लेकर कांग्रेस ने नगर पालिका और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेताओं ने समस्या के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौके पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

प्रभा विहार और ग्रीन वैली कॉलोनी के निवासियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। लोगों ने बताया कि कॉलोनियों के नालों का गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, जिससे मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनी हुई है। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन फिसलने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। वहीं गंदगी और दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। मामले को गंभीर बताते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि नगर की बुनियादी समस्याओं के समाधान में जिम्मेदार विभाग पूरी तरह किल साबित हो रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्ग पर गंदा पानी बहना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। यह केवल सफाई व्यवस्था की लापरवाही नहीं बल्कि जनता की सुविधाओं के प्रति उदासीन रवैये को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास और जनसुविधाओं के दावे कर रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आम नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यदि समय रहते नालों की सफाई, जल निकासी और सड़क पर फैले गंदे पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि तत्काल तकनीकी टीम भेजकर समस्या का निरीक्षण कराया जाए और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज को दबने नहीं देगी। यदि दो दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो



कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय लोगों के साथ गंदे पानी से प्रभावित स्थल पर धरना देकर विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि जनता को राहत दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और यदि इसमें लापरवाही बरती गई तो कांग्रेस सड़क से लेकर कार्यालय तक आंदोलन चलाने का काम करेगी।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), मथुरा के 9 स्टूडेंट्स जेईई एडवांस्ड 2026 में क्वालिफाई हुए

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA भारत का लीडिंग टेस्ट तैयारी इंस्टिट्यूट, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), ने देश के सबसे कॉम्पिटिटिव इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम में से एक, जेईई एडवांस्ड 2026 में अपने स्टूडेंट्स के शानदार परफॉर्मेंस की घोषणा की है। मथुरा रीजन के कुल 9 स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड 2026 को सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत, लगन और एकेडमिक एक्सीलेंस के प्रति कमिटमेंट को दिखाता है।



यह अचीवमेंट एईएसएल के स्ट्रक्चर्ड लर्निंग इकोसिस्टम, एक्सपीरियंस्ड फैकल्टी और एग्जाम की तैयारी के लिए स्टूडेंट-सेंट्रिक अप्रोच के असर को भी दिखाता है। सेंटर के टॉप परफॉर्मर्स में, आकाश इंस्टीट्यूट मथुरा के स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड 2026 में शानदार परफॉर्मेंस दी, जिसमें मोहित कुमार पांडे ने AIR 1415, यश शर्मा ने ।प्त 6747, अभिनव गुप्ता ने ।प्त 7916, और हर्ष कुमार ने ।प्त 9891 हासिल करके इंस्टिट्यूट और शहर का नाम रोशन किया। स्टूडेंट्स को एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में एनरोल किया गया, जो जेईई एडवांस्ड जैसे बहुत ज्यादा कॉम्पिटिटिव एग्जाम में अच्छा करने के लिए जरूरी कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी, एनालिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स बनाने पर फोकस करता है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए, स्टूडेंट्स ने कहा, "हम अपनी तैयारी के पूरे सफर में लगातार गाइडेंस, एकेडमिक सपोर्ट और मेंटरशिप के लिए आकाश के शुक्रगुजार हैं।

## पंचायत सहायकों ने डीपीआरओ को निदेशक के नाम दिया 14 सूत्रीय ज्ञापन

eFkjkA ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों ने पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के तत्वावधान में अपनी मांगों को हल कराने के लिए 14 सूत्रीय ज्ञापन पंचायत राज निदेशक के नाम डीपीआरओ धनंजय जायसवाल को ज्ञापन दिया। जिसमें पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ाया जाने और पंचायत सचिवों की भर्ती में 50प्रतिशत आरक्षण दिया जाने की मांगें प्रमुख थी। ज्ञापन देने के बाद जिला प्रभारी कृष्णवीर राणा ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवालयों के संचालन, डिजिटल सेवाओं के क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के सफल संचालन में पंचायत सहायकों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। इसके बावजूद पंचायत सहायकों को आज तक न तो स्पष्ट सेवा नियमावली प्राप्त है और न ही कार्य के अनुरूप सुविधाएं एवं सम्मानजनक मानदेय उपलब्ध कराया गया है। यूनियन के आगरा मण्डल प्रभारी पुष्पेन्द्र आर्य ने बताया कि ज्ञापन में पंचायत सहायकों हेतु कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की जाए। पंचायत सहायकों के लिए पृथक्त पंचायत सहायक पोर्टल विकसित किया जाए, ग्राम पंचायत सचिवालय संचालन हेतु आवश्यक फर्नीचर, कंप्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। इंटरनेट, प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी व्यय हेतु प्रत्येक माह निर्धारित बजट उपलब्ध कराया जाए, विभागीय कार्यों के निष्पादन हेतु प्रत्येक पंचायत सहायक को विभागीय मोबाइल फोन प्रदान किया जाए।

### एक नजर

## उच्च राशि कर्क में देवगुरु बृहस्पति का गोचर आज, 12 वर्षों बाद बना विशेष संयोग

**हापुड़।** देवगुरु बृहस्पति मंगलवार सुबह लगभग 6:30 बजे अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। करीब 12 वर्ष बाद बनने जा रहे इस विशेष ज्योतिषीय संयोग को लेकर ज्योतिष विद्वानों में उत्साह है। उनका मानना है कि इस गोचर का प्रभाव देश-दुनिया के साथ-साथ आम जनजीवन पर भी पड़ेगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पं. के. सी. पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि बृहस्पति को शुभ ग्रहों का गुरु माना जाता है। यह ग्रह धर्म, ज्ञान, शिक्षा, विवाह, संतान सुख, परिवार और प्रतिष्ठा का प्रतिनिधित्व करता है।



उच्च राशि कर्क में प्रवेश करने के कारण बृहस्पति की शुभता और प्रभाव दोनों बढ़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि कर्क, वृश्चिक, तुला, मकर और मीन राशि के जातकों को इस गोचर से विशेष लाभ मिलने की संभावना है। वहीं मिथुन, कन्या और कुंभ राशि के लोगों को कुछ मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी। वृष राशि के लोगों को साहस और यात्राओं से लाभ मिल सकता है, जबकि सिंह राशि वालों के खर्च बढ़ सकते हैं। धनु राशि के जातकों को आर्थिक और पारिवारिक मामलों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। पं. पाण्डेय ने कहा कि ग्रहों के गोचर का प्रभाव प्रत्येक व्यक्ति की जन्म कुंडली के अनुसार अलग-अलग होता है। ऐसे में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले व्यक्तिगत कुंडली का अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने लोगों को गुरुवार के दिन भगवान विष्णु की पूजा, गुरु मंत्र का जाप तथा जरूरतमंदों को पीली वस्तुओं का दान करने की सलाह दी। पं. के.सी. पाण्डेय काशी वाले ने बताया बृहस्पति का उच्च राशि कर्क में गोचर शुभता, ज्ञान और आध्यात्मिक उन्नति का संकेत देता है। जिन लोगों की कुंडली में गुरु मजबूत स्थिति में हैं।

## हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के 10 मेधाावियों का हुआ सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 के मेधावी विद्यार्थियों का सोमवार को सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया।



प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य स्तर के 10 मेधावियों को सम्मानित किया गया, इसका ऑन लाइन प्रसारण यहां देखा गया। उसी के क्रम में जनपद स्तर के टॉप 10 मेधावियों का कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम के प्रतिनिधि एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा द्वारा 21 हजार रुपये की धनराशि का चेक ,मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मेधावी विद्यार्थियों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा भविष्य के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पूर्ण समर्पण के साथ मेहनत करने हेतु प्रेरित किया गया।

## सदर तहसील में नायब तहसीलदार और अधिावक्ता के बीच मारपीट

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA सदर तहसील परिसर में सोमवार दोपहर एक फाइल को लेकर नायब तहसीलदार और एक अधिवक्ता के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना से तहसील परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही अधिवक्ता वहां से चले गए। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

जानकारी के अनुसार अड़ींग निवासी अधिवक्ता दीपचंद यादव किसी कार्य से सदर तहसील पहुंचे थे। इसी दौरान वृंदावन सर्किल का कार्य देख रहे नायब तहसीलदार प्रशांत कुमार से एक फाइल को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। अचानक हुई इस घटना से तहसील परिसर में मौजूद फरियादियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही अधिवक्ता वहां से निकल गए। इसके बाद नायब तहसीलदार प्रशांत कुमार ने एसडीएम सदर आदेश कुमार को शिकायत पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की।

बताया जाता है कि घटना की जानकारी मिलने पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई गई, जिसके बाद विवाद का निपटारा हो गया और समझौता कर लिया गया। फिलहाल मामले को लेकर तहसील परिसर में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मंदिर से मूर्ति समेत हजारों का माल चोरी

■ पुलिस जांच में जुटी, देर रात अज्ञात चोरों ने घटना को दिया अंजाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसांवा में रविवार की सांय अज्ञात चोरों ने बाबा नारायण दास मढ़ी पर बने शिव मंदिर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया और नागदेवता की मूर्ति समेत घंटा सहित पीतल का कलश भी चोरी कर ले गए। दबता.री - आसफपुर मुख्य मार्ग पर बाबा नारायण दास मढ़ी सिरसांवा गांव के नजदीक बनी हुई है।

क्षेत्र के लोग बढ़ी संख्या में इस मढ़ी पर बने प्राचीन शिव मंदिर पर पूजा अर्चना करने भक्त आते हैं। आए दिन दूर दराज के लोग अपनी मनौती मांगने के लिए आते हैं और भजन कीर्तन भी करते हैं। रविवार देर सायंकाल के समय क्षेत्र में तेज आंधी आई थी और हल्की बूंदाबांदी भी हुई थी। इसी बीच लोग घरों में सुरक्षित कैद रहे। इसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने नांग देवता की मूर्ति और पीतल का कलश समेत भारी घंटा भी चोरी कर ले गए। सोमवार को सुबह जब ग्रामीण पूजा करने शिव मंदिर पहुंचे तो मूर्ति गायब मिली। चोरी की घटना सुनकर बढ़े पैमाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और स्थानीय पुलिस को सूचना भी दी। सूचना मिलते ही चौकी दबतोरी पर तैनात दरोगा हितेश चौहान पुलिस के जवानों के साथ मौके पर पहुंच गए और पूरी घटना की जानकारी जुटाई। इस मढ़ी पर सिरसांवा के बाबा जगद.ीश गिरि और चम्दास देखरेख करते हैं जो आंधी बारिश आने से पहले अपने घर आ चुके थे इसके बाद चोरी घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। सिरसांवा के मनीराम यादव, शिव पाल सिंह, हरिवीर सिंह, बंटी यादव, देशराज, थीरज आदि लोग मौके पर पहुंचे।

# सहसवान में बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

■ बिना पंजीकरण धड़ल्ले से चल रहा नवजीवन चिल्ड्रन हॉस्पिटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** कस्बा सहसवान क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए बिना पंजीकरण के अवैध रूप से अस्पतालों का संचालन धड़ल्ले से जारी है। ताजा मामला अकबरबाद चौराहा, 'नवजीवन चिल्ड्रन हॉस्पिटल' का सामने आया है, जो स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा है।

यहां भर्ती नवजात, नौनिहालों की जान के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। इस्लामनगर के माही हेल्थ केयर सेंटर मोहल्ला हाता निवासी 19 वर्षीय नरगिस पत्नी इलियास को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज में लापरवाही के कारण प्रसूता और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। सीएमओ की टीम ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए अस्पताल को सील कर दिया है।

कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित इस कथित बाल अस्पताल के बाहर एक बड़ा चमचमाता बोर्ड टांगा गया है, जिस पर नवजात गहन चिकित्सा इकाई, वेंटिलेटर और फोटोथेरेपी जैसी गंभीर व आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने का दावा किया गया है। लेकिन सूत्रों की मानें तो अस्पताल के भीतर न तो इन जटिल उपकरणों को संभालने के लिए योग्य बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर (पीडियाट्रिशियन) मौजूद हैं और न ही प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ। गंभीर रूप से बीमार बच्चों को यहां भर्ती कर उनकी जिंदगी को सीधे तौर पर दांव पर लगाया जा रहा है।

शहर से लेकर कस्बों तक के लोगों और मरीजों के तीमारदारों का आरोप है कि इस अस्पताल में मानकों की जमकर अनदेखी की जा रही है। बिना डिग्री और अनुभवहीन स्टाफ गंभीर रूप से बीमार नवजातों का इलाज कर रहे हैं। आपातकालीन स्थिति में नवजातों को तत्काल उच्च चिकित्सा केंद्रों पर रेफर करने की बजाय, तीमारदारों से मोटी रकम वसूलने के चक्कर में उन्हें घंटों रोक कर रखा जाता है, जिससे कई बार बच्चों की स्थिति बेहद नाजुक हो जाती है।

## एक नजर

### यातायात नियमों के पालन के लिए चौराहों पर लगे शाइनिंग बोर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कु. अकांती पटेल के आदेश पर यातायात पुलिस ने कस्बा पूरनपुर में जागरूकता अभियान चलाया। उप निरीक्षक यातायात प्रदीप सिंह, हेड कांस्टेबल घनेश यादव, हेड कांस्टेबल धर्म सिंह, आरक्षी गौरव कुमार, आरक्षी चंचल सिंह और आरक्षी नागेंद्र कुमार की टीम ने घुंघचिहाई चौराहा और सिरसा चौराहे पर यातायात नियमों के पालन के लिए शाइनिंग बोर्ड लगवाए। पुलिस का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है।

### पीलीभीत पुलिस ने खोली 15 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत पुलिस द्वारा अपराधियों/गौकशों के विरुद्ध सख्त निगरानी एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु माह मई में 15 ऐसे अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी। जनपद पीलीभीत में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी एवं सुनियोजित कार्यवाही की जा रही है। अपराधों की रोकथाम के लिए चिन्हित अपराधियों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में माह मई, 2026 में जनपद पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में संलिप्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे उनके आपराधिक आचरण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। वर्तमान में कुल 15 हिस्ट्रीशीटर अपराधी पुलिस अभिलेखों में पंजीकृत किए गए हैं, जिनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

उक्त सभी हिस्ट्रीशीटरों की नियमित रूप से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उनके गतिविधियों एवं आपराधिक प्रवृत्तियों पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखते हुए समय-समय पर सत्यापन, चेकिंग एवं आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है, ताकि किसी भी संभावित आपराधिक गतिविधि पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसके अतिरिक्त, जनपद पुलिस द्वारा गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने/संवे.दनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरते जाने तथा अपराधियों की गति.विधियों पर लगातार निगरानी किए जाने व प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु सभी क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

### बुक कीपर मॉडष्ूल - 1 विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के निर्देशन में दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एस एच जी बुक कीपर मॉड्यूल - 1विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते सोमवार को प्रात: काल शुभारंभ किया गया जिसमें डी आर पी सुरेन्द्र सिंह राठौर व बी आर पी निर्मला यादव विषय से संबंधित प्रशिक्षण दे रहे हैं।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदायूं जिले के विकास खंड अंबियापुर क्षेत्र की लगभग 25 महिला प्रतिभाग ले रही हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 01 जून 2026 से 03 जून 2026 तक अनवरत रूप चलाया जा रहा है, जिसमें सोनम खान पठान , ज्योति मिश्रा , सुनयना , गीता देवी , पूजा देवी सुमिता यादव , मीरा देवी व कृति आदि महिलाएं प्रतिभाग ले रही हैं। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# अरबाज खान ने आशुतोष राना को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** रेडिसन ब्लू, पश्चिम विहार में 'India's 100 Most Influential Leaders 2026' कार्यक्रम आयोजित हुआ। बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान और पूरनपुर के आशुतोष राना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हंग्री एनिमल्स फीडिंग फाउंडेशन(HAFF) के संस्थापक आशुतोष राना को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर अरबाज खान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अरबाज खान ने कहा कि आशुतोष ने दो साल में पांच लाख लोगों को जोड़कर बेजुबानों की सेवा का आंदोलन खड़ा किया है। पीलीभीत से निकल.कर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। सम्मान पर आशुतोष राना ने कहा कि यह सम्मान HAFF के 5 लाख सदस्यों का है। उनका सपना है कि कोई भी बेजुबान भूखा न सोए। HAFF देशभर में घायल और बेसहारा जानवरों के रेस्क्यू, इलाज और भोजन की व्यवस्था करता है। कार्यक्रम का आयोजन डैश्र्। म्दजमतजंपदउमदज ने किया। इसमें देशभर के 100 प्रभावशाली लीडर्स, उद्योगपति और समाजसेवी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर घेरा डीएम कार्यालय

■ नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप संतोख संधू के समर्थन में सैकड़ों समर्थकों ने निकाला जूलूस

■ आवास योजना में अवैध बसूली, फर्जी शिकायतकर्ताओं की जांच की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** योगी सरकार के सख्त निर्देशों के बाबजूद असामा.जिक तत्वों का आतंक लगातार बरकरार है, अब इनके आतंक से भाजपा के जनप्रतिनिधि भी असहज हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला पीलीभीत से सटी नगर पंचायत नौगवां पकड़िया से सामने आया है। यहां सोमवार को भाजपा की महिला नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप संतोख संधू, भाजपा नेता संतोख संधू अपने हजारों समर्थकों व दबंगों से परेशान नागरिकों संग डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उनके साथ हजारों को भीड़ देख पुलिस के भी पसीने छूट गए। उस वक्त डीएम अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे तो औपचारिकता निभाने सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर पहुंचे। परंतु नगर पंचायत अध्यक्ष उनके समर्थकों ने डीएम को ही ज्ञापन देने की ठान ली। कुछ समय बाद जब डीएम एक बैठक में गांधी सभागार पहुंचे तब उन्होंने बेहद शालीनता से अपने सार्थकों के साथ डीएम को एक विस्तृत शिकायती पत्र सौंपा।

पत्र में उन्होंने कहा कि नगर पंचायत पकडिया नौगवां जनपद पीलीभीत में कुछ अराजक तत्वों एवं आपराधिक प्रवत्ति के व्यक्तियों द्वारा जो विभित्र संगठनों का आश्रय लेकर स्वयं को जनहितैषी प्रदर्शित करते हैं। विगत लगभग तीन वर्षों से निरंतर नगर पंचायत के कार्यों में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। उक्त व्यक्तियों में से कुछ के विरुद्ध पूर्व में आपराधिक गतिविधियों से संबंधित अभिलेख एवं हिस्टीशीटर होने संबंधी जानक.ारी भी स्थानीय स्तर पर प्राप्त होती रही है। वर्तमान में उक्त व्यक्तियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी योजना के लाभार्थियों को भयभीत कर उक्त व्यक्तियों द्वारा प्रधानार अवैध धनराशि की मांग किये जाने तथा जबरन वसूली का प्रयास कियेजा रहे हैं। लाभार्थियों द्वारा धनराशि देने से इंकार करने पर उन्हें जिलाधिकाकारी से शिकायकायत करने, उनकी द्वितीय किश्त रुकवा देने तथा विभिन्न विभागों में झूठी शिकायतें की धमकी देकर परेशान किया जा रहा है। इस दौरान नगर पंचायत के सभासद व हजारों स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। डीएम ने मामले की जांच करा उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

# पानी को तरस रहे बिल्सी के बदायूं बस स्टैंड पर राहगीर

■ पालिका की लापरवाही के बीच टिंकू गुप्ता बने सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं/ बिल्सी।** एक तरफ जहां बिल्सी नगर पालिका क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। नगर के बदायूं बस स्टैंड पर आने-जाने वाले राहगीर इस भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पालिका प्रशासन यात्रियों को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में भी नाकाम साबित हो रहा है।

**विज्ञापनों के तले दबी प्याऊ, टोटियां भी गायब**

बदायूं बस स्टैंड पर स्थित पानी की प्याऊ पिछले कई सालों से खराब पड़ी है। देखरेख के अभाव में प्याऊ पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हद तो तब हो गई जब इस प्याऊ की पानी की टोटियां तक गायब हो चुकी हैं और पूरे प्याऊ को विज्ञापन का स्टैंड बना दिया गया है। प्याऊ की दीवारें पूरी तरह से विज्ञापनों के पोस्टरों से ढकी हुई हैं। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिल्सी पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपने काम के प्रति कितने लाप.रवाह और संवेदनहीन हैं।

**सोशल मीडिया पर उठ रहा जनता का गुस्सा**

बस स्टैंड पर कोई अन्य चालू नल न होने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिल्सी नगर पालिका की इस घोर लापरवाही और क्षेत्र की अन्य समस्याओं को लेकर स्थानीय लोग सोशल मीडिया पर जमकर अपना गुस्सा निकाल रहे हैं। इससे संबंधित शिकायतें और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

**समाजसेवी बनकर सामने आए टिंकू गुप्ता**

जहां एक तरफ प्रशासन मौन बैठा है, वहीं स्थानीय निवासी टिंकू गुप्ता ने मानवता की मिसाल पेश की है। प्यास से व्याकुल राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने अपने निजी प्रयासों से वहां पानी के टैंक की व्यवस्था की है। टिंकू गुप्ता हर रोज इस टैंक में शुद्ध और साफ पानी भरवाते हैं, जिससे राहगीरों को इस तपती गर्मी में राहत मिल रही है। उनके इस पुनीत कार्य की स्थानीय लोगों और राहगीरों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है।

# गायत्री तपोभूमि पहुंचा पूरनपुर के छात्रों का दल

■ माता सरस्वती शिविर में 19 बच्चे लेंगे भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री तपोभूमि मथुरा में श्माता सरस्वती शिविरश का शुभारंभ हो रहा है। इस आवासीय शिविर में भाग लेने के लिए पूरनपुर विकास खंड के सबलपुर खास और भहिषासुर गांव से 19 छात्रों का विशेष दल शुक्रवार को मथुरा पहुंचा।

विवेकानंद युवा मंडल के संच.ालक नीरज शुक्ला छात्रों के दल का नेतृत्व कर मथुरा पहुंचे। दल में शामिल सभी 19 बच्चे सबलपुर खास और भहिषासुर गांव के हैं। मथुरा पहुंचने पर गायत्री तपोभूमि में दल का स्वागत किया गया। नव चेतना विस्तार केंद्र गायत्री विद्या मंदिर सबलपुर खास पूरनपुर के व्यवस्थापक सत्य प्रकाश शुक्ला पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के बच्चों को माता सरस्वती शिविर में भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र इस शिविर में भाग लेते हैं। सत्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों में नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है। गायत्री तपोभूमि मथुरा में आयोजित होने वाला यह शिविर पूरी तरह आवासीय होता है। इसमें देशभर से छात्र भाग लेते हैं। शिविर के दौरान बच्चों को योग, ध्यान, यज्ञ, वैदिक गणित, नैतिक शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और भारतीय संस्कृति की जानकारी दी जाती है। गायत्री तपोभूमि में आयोजित यह शिविर बच्चों के लिए ज्ञान, संस्कार और अनुशासन की पाठशाला साबित होगा।

### परिवहन विभाग द्वारा एमडी को निर्माण के लिए 3 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** नगर में स्थित रोडवेज बस स्टैंड की दुर्दशा को ध्यान में रखते हुए एमएलसी बागीश पाठक के प्रयास से रोडवेज की बाउंड्री होने के लिए शासन से रुपया स्वीकृत हुआ लेकिन बाउंड्री बनने के बाद आज लगभग 8 महीने बीत जाने के बाद भी रोडवेज का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। सहसवान नगर से भाजपा का प्रतिनिधि मंडल अबढर शर्मा मनोनीत सभासद, आदर्श सक्सेना उपाध्यक्ष, देवेंद्र प्रजापति मंडल महामंत्री समाजसेवी रायसाहब रामा कृष्ण सक्सेना के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी से मुलाकात की भाजपा पदाधिकारी को दीपक चौधरी ने बताया की अगस्त के महीने से सहसवान के बस अड्डे का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा जिसके लिए शासन से 3 करोड़ रूपया प्रस्तावित है जिससे सहसवान रोडवेज बस स्टेशन का सौंदर्यकरण होगा एवं बसो का संचालन रोडवेज बस स्टैंड सहसवान से प्रारंभ होगा।



# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर निकाला गया भव्य जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती पर रविवार को इस्लामनगर श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के रंग में सराबोर दिखा। अहिल्या बाई होलकर समिति इस्लामनगर के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मोहल्ला काजी टोला से प्रारंभ हुई यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र कुमार लीडर ने लोकमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शोभायात्रा के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा और नगर में जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया।



शोभायात्रा रविवार को शाम 4 बजे से हुई। जो मैन चौराहे ,जामनी मोहल्ला, मैन बाजार, होते हुए मोहल्ला काजी टोला पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग डीजे पर बज रहे माता अहिल्या के गीतों पर झूमते चल रहे थे और हाथों में झंडे लिए हुए थे। यात्रा में मौजूद लोगों ने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्राइवेट संस्थानों से सरकारी दफ्तर के टॉयलेट गन्दे क्यों?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** जब हम यात्रा में जाते है या जरूरी कार्य से सरक.ारी कार्यालय जाते है। तो वहाँ की व्यवस्था - अस्त - व्यस्त होती है। गन्दगी के अम्बार लगे होते है। अधिकारी 10 की जगह 11 बजे तक आते है कर्मचारी मुर्गियो की तलाश में गिद्ध जैसी दृष्टि गड़ाये रहते है और हर पल यही मन्नत माँगते है कि मासिक वेतन का पैसा बचता रहे और सुविधा शुल्क से घर का खर्चा चलता रहे। काम भी कुछ ना करना पड़े जल्दी आफिस टाइम पूरा हो जाये ये मानसिकता सरकारी कर्मचारियों की आज हो गई है। इसी वजह से यह भ्रष्टाचारी इतने मक्कार हो गये है कि अपने अधिकारियों को ऐसी पढ़न पढ़ाते है कि अधिकारी भी इन जैसा हो जाता है, और जनता को बेबकूफ बनाने का सिलसिला प्रतिदिन प्रगति की ओर अग्रसर रहता है। बेचारी जनता हमेशा से दबंगो से पीढ़ित होती रही है और आज भी हो रही है।

लूट खसोट का माहौल चारों ओर व्याप्त है। इसी वजह से प्राइवेट संस्थानों से सरकारी स्थानों के टॉयलेट इतने गंदे होते है कि उसमें व्यक्ति दो मिनट भी पेशाब भी नही कर सकता। शौचालय का प्रयोग तो बहुत इमरजेंसी में करना पढ़ता है शौचालय में कुछ क्षण बैठना भी व्यक्ति को भारी पड़ जाता है। गंदगी और बदबू का साम्राज्य विकसित भारत पर मुंह चिड़ा रहा है। और सरकार के मुंह पर काला धब्बा लगा रहा है। प्रत्यक्ष को प्रमाण की क्या आवश्यता सरकार जितने भी पद भर रही है और भरेगी ये सब जनता को दिन के डकैत बनकर लूट रहे है और लूटेंगे। ये दिन डकैत जनता को निष्कटक होकर बेरहमी से लूट रहे है। उदाहरण अदालतों में जज भी जानते है कि पेशगार भी जनता से उगायी प्रतिदिन कितनी करेगा। तब भी सब मौन है। सब जगह यही हाल है शासन को नहीं मलाल है। बदायूं का जिला कस्बा इस्लामनगर में 200 साल से संचालित सरकारी अस्पताल नगर से 11 कि.मी दूर निकटवर्ती कस्बा रुदायन में शिफ्ट कर दिया गया है। नगर की सत्तर हजार की आबादी सरकारी चिकित्सक सुविधा से आज भी वंचित है। जबकि नगर के तमाम समाजसेवी संगठनों ने कई बार विभागीय अधिकारियों एवं प्रदेश के स्वास्थ मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री को लिखित ज्ञापन देकर इस्लामनगर में पुन: सरकारी अस्पताल शुरू करने की माँग उठायी किंतु सभी नुमाइंदों ने कोरे आस्वासन के अलावा कुछ नही दिया है। क्या माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में नहीं है। नगर के मार्ग अत्यंत जीर्ण शीर्ण है परिवहन की व्यवस्था कुछ ही मार्गो तक सीमित है। नगर में कोई भी सरकारी इण्टर कॉलेज या डिग्री कॉलेज भी नही है। सरकारी टॉयलेटों की स्थिति इतनी खराब है उसमें टॉयलेट करना भारी पड़ जाता है। राशन डीलरों की पौ बारह है रिश्वत से रिश्वती ऊँची पहुंच वाला बन रहा है। अवैध ब्याज खोर लाचारों का भारी सूद लेकर लूट रहे है माफियों ने नगर में जंगल राज कर रखा है और ये सभी लूटेरे प्रशासन एवं ऊँचे नेताओ से एक लम्बे समय से अपने अटूट संबंध बनाये हुए है। इनके सामने सरकार बोनी साबित हो रही है लाचार जनता की आँखों में कल भी आँसू थे और आज भी आँसू झिलमिला रहे है। लुटेरो का जमाना बड़ा शैतान होता है लाचारों को लूटते है ओहदे दारो का मान होता है।

### डा. क्रान्ति कुमार डी.लिट मानद उपाधि से हुए सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुउद्देशीय सशक्तिकरण के लिए लंबे समय से कार्य कर रहे बुद्ध रिसर्च सेंटर के कन्वीनर, बीबीसी मैगजीन के पूर्व मुख्य संपादक एवं बहुजन समाज पार्टी जनपद बदायूं के पूर्व जिला अध्यक्ष बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव सिसइया निवासी स्वर्गीय बृजलाल गौतम के सुपुत्र डा. क्रान्ति कुमार को पी.एच.डी. के बाद (आई.जी.यू) दिल्ली के द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर डी,लिट, मानद उपाधि एवं ग्लोबल आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस खबर से उनके शुभचिंतकों एवं अनुयाइयो में खुशी की लहर है। उन्हें सामाजिक धार्मिक राजनीतिक गणमान्य लोग इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं। डा.क्रान्ति कुमार ने बताया कि इस मुकाम पर पहुंचने में मेरे परिवार से लेकर समाज के एक-एक व्यक्ति का बड़ा योगदान एवं मार्गदर्शन है में इसे कभी नहीं भुला सकूंगा।

# भारत विकास परिषद 'बांसुरी शाखा' का भव्य गठन, नए सदस्यों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारत विकास परिषद की 'बांसुरी शाखा' के माध्यम से यह भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें संपूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा, क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण संजीव जौली, प्रांत संयोजक संस्कार अंशु शर्मा, प्रांत संयोजक सेवा डॉ. विनय गुप्ता, प्रांत संयोजक पर्यावरण रवि शर्मा, प्रांत महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना एवं जिला प्रभारी डॉ. एसपीएस संधू द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण कर किया गया। स्वस्ति वाचन पंडित रामानुज अवस्थी ने किया। उपस्थित सभी ने वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यशाला में नए सदस्यों ने शपथ ली। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि कोटा में 200 बेड का अस्पताल, चंडीगढ़ में विशाल चिकित्सालय, खुर्जा में निशुल्क इंटर कॉलेज तथा रुद्रपुर में ब्लड बैंक के माध्यम से 30 प्रतिशत शुल्क पर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। प्रांतीय महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना ने कहा कि भारत विकास परिषद के माध्यम से युवा सामाजिक कार्यों से जुड़ सकेंगे और चिकित्सा, शिक्षा तथा पर्यावरण में अपनी सहभागिता दे सकते हैं। प्रांतीय संयोजक पर्यावरण रवि शर्मा ने 5 जून को पौधरोपण, जल संरक्षण जैसे अभियानों की जानकारी दी। प्रांतीय संयोजक संस्कार अंशु शर्मा ने श्भारत को जानोश, श्राष्ट्रीय समूह गानश एवं 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' जैसे कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

प्रांतीय संयोजक संपर्क डॉ. विनय गुप्ता ने संपर्क के माध्यम से सेवा का भाव बताया। जिला प्रभारी डॉ. एसपी संधू ने कहा कि डॉक्टर, अध्यापक, फौजी जैसे सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी लोग सेवा करते हैं। सेवा का भाव होना चाहिए। भारत विकास परिषद एक ऐसी संस्था है जहां भाव से जोड़कर समाज की सेवा की जा सकती है। क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण संजीव जौली ने वित्तीय जानकारी दी। नवनियुक्त अध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने कहा कि भारत विकास परिषद एक सामाजिक व पारिवारिक संस्था है। इसके माध्यम से ब्लड डोनेशन, पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्य परिवार के साथ किए जा सकते हैं।

विशेष आमंत्रित सदस्यों राजकुमार गजवानी, जितेंद्र गुप्ता, डालचंद सक्सेना एवं रतन नाथ मिश्रा को पटका व तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। बांसुरी शाखा में दर्जनों सदस्यों को सपरिवार जोड़ा गया, जिसमें रवि शर्मा-शीतल शर्मा, जगदीश सक्सेना-नेहा मिश्रा, राहुल गजवानी-स्वाति गजवानी, अमित गुप्ता-आरती गुप्ता, नवीन दुलवानी-अंजू दुलवानी, सुमित पटेल-अंकिता पटेल, विशाल वर्मा-प्रियंका वर्मा, हितेश शुक्ला-प्रिन्सी शुक्ला, संजीव अरोरा-दीपिका अरोरा, संतोष मिश्रा-रेखा मिश्रा, विजय जायसवाल-चांदनी जायसवाल, पारस शर्मा-अन्नू शर्मा, जस्वीर सिंह-पूजा देवी, जितेंद्र कुमार दुलवानी-बीना दुलवानी, ब्रजेश कुमार-रजनी बाला, विनोद गुप्ता-शशिबाला, शिरीष सक्सेना-निधि सक्सेना, स्वतंत्र देवल-पिंकी देवल, हिमांशु गंगवार-आँचल गंगवार, ऋषिमुनि त्यागी-खुशी त्यागी, सौरभ सक्सेना-सुरभि सक्सेना, रामानुज अवस्थी, हरिपाल यादव हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं कोषाध्यक्ष राहुल गजवानी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।



# राम-रहीम पुल गोलीकांड का मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पांच दिन से फरार चल रहे मुख्य आरोपी रनवीर सिंह को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार, बीते 26 मई को थाना सिविल लाइन क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक के सिर में गोली मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने एक आरोपी रवि को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि मुख्य आरोपी रनवीर सिंह लगातार फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना सिविल लाइन पुलिस, सर्विलांस टीम एवं एसओजी को लगाया गया था। शनिवार देर रात पुलिस टीम ग्राम जुठिया की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन कच्चे रास्ते पर उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रनवीर सिंह पुत्र तेज सिंह निवासी मथुरापुर कलां, थाना पटवाई, जनपद रामपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त एक अन्य खोखा कारतूस तथा हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरा.पी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में नया मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को थाना सिविल लाइन पुलिस, एसआ.जी एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त सफलता माना जा रहा है।



# स्वार के खोद शरीफ गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, मामूली कहासुनी पर चले ईंट-पत्थर, वीडियो वायरल

## पुलिस जांच में जुटी, आरोपियों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्वार कोतवाली क्षेत्र के गांव खोद शरीफ में मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और ईंट- पत्थरबाजी हुई, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर बरसाते और हंगामा करते दिखाई दे रहे हैं, सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्वार कोतवाली क्षेत्र के गांव खोद शरीफ में किसी मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, शुरुआत में कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, इसके बाद जमकर मारपीट शुरू हो गई और दोनों ओर से ईंट- पत्थर चलने लगे, घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए, घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंक रहे हैं और माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण बना हुआ है, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने भी मामले का संज्ञान लिया है, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है, घटना में शामिल लोगों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।



# अखिलेश यादव जल्द रामपुर आ सकते हैं, जेल में आजम खान-अब्दुल्ला से करेंगे मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जल्द रामपुर जिला जेल पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार अखिलेश का यह दौरा आजम खान परिवार का हालचाल लेने और पार्टी की रणनीति पर चर्चा के लिए है।

मोहम्मद आजम खान पर लगभग 100 मुकदमे दर्ज हैं। उनको और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को कई मामलों में सजा भी हो चुकी है, जिसके चलते दोनों वर्तमान में रामपुर जिला जेल में बंद हैं।

आजम खान के परिवार के अन्य सदस्यों पर भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। अखिलेश यादव की इस संभावित मुलाकात में 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि जेल में बंद पार्टी के वरिष्ठ नेता से चुनावी रणनीति, संगठन की स्थिति और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पर बातचीत होगी। सपा सूत्रों का कहना है कि अखिलेश यादव आजम खान परिवार के साथ खड़े रहने का संदेश देना चाहते हैं। मुलाकात की तारीख और समय को लेकर अभी प्रशास.निक अनुमति का इंतजार है।



# कासिम अंसारी बने पसमांदा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** ऑल इंडिया पसमांदा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसके तहत मसवासी व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष कासिम अंसारी को पसमांदा समाज का स्वार टांडा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और समाज के लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी है।

वहीं, शमसुद्दीन को पसमांदा समाज का मसवासी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उन्हें भी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज के हित में सक्रिय रूप से कार्य करने की अपेक्षा के साथ यह जिम्मेदारी दी गई है।

नई नियुक्तियों पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की है कि दोनों पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



कासिम अंसारी

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रामपुर में चला जागरूकता अभियान, तंबाकू मुक्त जनपद का लिया संकल्प

## स्वस्थ समाज की दिशा में पहल, तंबाकू निषेध दिवस पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह द्वारा कार्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान में कार्यालय के समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग करते हुए हस्ताक्षर कर अपने जीवन में कभी तंबाकू का सेवन न करने तथा जनपद रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू सेवन न करने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ. सत्य प्रकाश तोमर, जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में इंडियन डेंटल एसोसिएशन, शाखा रामपुर द्वारा तंबा.कू सेवन से प्रभावित व्यक्तियों के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.सी. सक्सेना द्वारा किया गया। शिविर में तंबाकू सेवन करने वाले 95 व्यक्तियों के मुख की जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में इंडियन डेंटल एसोसिएशन शाखा रामपुर की सचिव डॉ. नैयला सिद्दीकी, अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने प्रतिभाग किया।




# मिर्जापुर में पेड़ काटने के विवाद में दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में बिजली लाइन के नीचे खड़े पॉपुलर के पेड़ों को काटने को लेकर हुआ विवाद हिंसक रूप ले बैठा। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट, फायरिंग और धारदार हथियार चलने की घटना में कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, इजाजुल नबी के खेत में खड़े पॉपुलर के पेड़ों के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन गुजर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ों के कारण अक्सर बिजली लाइन में फॉल्ट होने से विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान पति समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं सोमवार को दूसरे पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर रियाजुल नवी, जुनैद, जुबैर, फैसल, आले हसन, अब्दुल रहमान, दानिश, अब्दुल कलाम, गुड्डू तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीरों के आधार पर मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।




# कार की टक्कर से तीन बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कार की टककर से तीन वाईक सवार युवक घायल हो गये घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया अभिषेक पुत्र राजेंद्र, अभिषेक पुत्र भगवासरन शनि पुत्र अनोखेलाल यह तीनों युवक बाइक द्वारा मिलक से अपने गांव धर्मपुर रहसेना तहसील मिलक जनपद रामपुर को जा रहे थे गंगापुर जदीद गांव के निकट मिलक बिलासपुर रोड पर कार से टक्कर हो गई और तीनों युवक घायल हो गए सूचना पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से तीनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लेकर आए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# फर्जी बैनामे के सहारे कॉलेज व किसान की जमीन हड़पने की साजिश का आरोप, तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** कस्बे में जमीन कब्जाने के कथित खेल को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। जनता इंटर कॉलेज सैफनी के प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता और भाजपा जिला संयोजक व पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी आशीष कुमार गुप्ता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेश से तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सैफनी निवासी बाहर हुसैन पुत्र मोहम्मद रमजानी ने वर्ष 2013 में करीम शाह के वारिसान बनकर एक भूमि का बैनामा कराया था। हालांकि संबंधित भूमि पर पहले से मकान बने होने और दाखिल-खारिज न होने के कारण उसे वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका। आरोप है कि भूमि की कई बार पैमाइश भी कराई गई, लेकिन बैनामे में दर्ज चौहद्दी के अनुसार जमीन नहीं मिली।पीड़ित पक्ष का कहना है कि इसके बाद बाहर हुसैन ने कथित रूप से साठगांठ कर गाटा संख्या 381-क को रास्ते में दर्ज करा लिया, लेकिन छित्तौनी पीडब्ल्यूडी सड़क होने के कारण वह इस प्रयास में भी सफल नहीं हो सका। आरोप है कि अब उसने अपने पुराने बैनामे की वास्तविक चौहद्दी छिपाकर गाटा संख्या 381-क को आधार बनाते हुए जनता इंटर कॉलेज और अशोक कुमार गुप्ता की कृषि भूमि की फर्जी चौहद्दी दर्शाकर 14 मई 2026 को अजय कुमार निवासी खनुपुरा (मुरादाबाद) और प्रदीप चौधरी निवासी करनपुर के नाम बैनामा करा दिया। शिकायत में कहा गया है कि प्रार्थी की भूमि गाटा संख्या 433 और 434 में स्थित है, जबकि आरो.पितों की भूमि काफी दूरी पर है। इसके बावजूद आरोपित पक्ष अपने समर्थकों के साथ उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कराने का प्रयास कर रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनकी भूमि के दक्षिण में छित्तौनी रोड, नगर पंचायत का नाला और पीडब्ल्यूडी की पुलिया स्थित है, जबकि विवादित भूमि उससे अलग स्थान पर है।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर थाना सैफनी पुलिस ने बाहर हुसैन, अजय कुमार और प्रदीप चौधरी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, सड़क किनारे मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के ग्राम धुरियाई निवासी 40 वर्षीय भागीरथ पुत्र खुशाली प्रसाद की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भाई श्यामलाल गौतम की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भागीरथ 30 मई की शाम करीब 6 बजे कुछ सामान लेने शाहबाद गए थे। वापसी के दौरान अचानक बारिश होने के कारण उन्हें घर पहुंचने में देर हो गई। परिजनों के अनुसार जब वह ग्राम धुरियाई के निकट पहुंचे तो किसी अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन देर रात तक उनकी तलाश करते रहे। अगले दिन सुबह करीब 6:30 बजे उनका शव सड़क किनारे एक पेड़ के पास पड़ा मिला। घटनास्थल पर एक मोटरसाइकिल का टूटा हुआ अगला हिस्सा भी बरामद हुआ, जिससे दुर्घटना की आशंका और मजबूत हो गई। मृतक के भाई श्यामलाल गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटना करने वाले वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।




# दुकान में सेंधमारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किया चोरी का माल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** थाना स्वार पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की नकदी, आधार कार्ड और चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार 26 मई को एक दुकानदार ने थाना स्वार में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान की दीवार काटकर अंदर रखी नकदी, एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड तथा बिजली की पुरानी मोटर चोरी कर ली थी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना और साक्ष्य संकलन के दौरान पुलिस को मामले में मगरूब पुत्र शकील निवासी मोहल्ला चक स्वार, थाना स्वार का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को इतवार की बाजार के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी के 15,400 रुपये, एक आधार कार्ड, कटर, प्लास, लोहे का उपकरण तथा एक बैग बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बलराम सिंह, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल राजन चौधरी एवं कांस्टेबल टिंकू चौधरी शामिल रहे।



# मिर्जापुर में विधुत लाइन के नीचे पेड़ काटने को लेकर हुए झगड़े में दोनों पक्षों की और से मुकदमा हुआ दर्ज

## गाँव में हुई फायरिंग और धारदार हथियार चलने से हुए थे कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में पॉपुलर के पेड़ों का विवाद शुक्रवार को हिंसक रूप में बदल गया था। जहाँ दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट के चलते कई लोग घायल हुए थे। घटना के बाद से गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना हुआ है। सोमवार तक दोनों पक्षों की तरफ से एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच मे जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिर्जापुर निवासी इजाजुल नबी के खेत में खड़े पॉपुलर के पेड़ों से 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन गुजर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ों से अक्सर बिजली लाइन में फॉल्ट हो जाते हैं और विधुत आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिसे लेकर बीते दिनों दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। तहरीर के आधार पर एक पक्ष की और से पुलिस ने प्रधान पति सहित कई लोगों के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी वहीं सोमवार को पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर के आधार पर रियाजुल नवी, जुनैद, जुबैर, फैसल, आले हसन, अब्दुल रहमान, दानिश, अब्दुल कलाम, गुड्डू, और अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।




# गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बिसौली-शाहबाद रोड से दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** सोमवार को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी परवेज उर्फ परवेश को बिसौली-शाहबाद रोड से पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, थाना शाहबाद में मु.अ.सं. 140/2026 में गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (1) के तहत कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। परवेज उर्फ परवेश पुत्र रईश अहमद, निवासी नई बस्ती, बिसौली (बदायूं), इसी मामले में लंबे समय से वांछित था। अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान, शाहबाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी परवेज को बिसौली-शाहबाद रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी की और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नही दिया जायेगा।




# रामपुर में तेंदुआ पकड़ने की कोशिश पर बवाल, पिंजरे में कुत्ता बांधने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद के स्वार क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक जीवित कुत्ते को बांधने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। वीडियो सामने आने के बाद विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव में पिछले कई दिनों से तेंदुए की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुए के गांव के आसपास कई बार देखे जाने की सूचना के बाद ग्रामीण लगातार वन विभाग से उसे पकड़ने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन और शिकायत किए जाने के बाद वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगाया था। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने पिंजरे के भीतर एक जीवित कुत्ते को बांधे जाने का वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि तेंदुए को आकर्षित करने के उद्देश्य से पिंजरे के अंदर कुत्ते को बांधा गया है। वीडियो सामने आने के बाद पशु प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने इस तरीके पर आपत्ति जताते हुए सवाल उठाए हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पूरे मामले को लेकर वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं और लोग जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री ने की जनपद में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय प्रगति एवं कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ पहुंचना चाहिए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।




बैठक में प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्या के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए और दूरभाष के माध्यम से प्राप्त होने वाली बिजली की शिकायतों को धैर्य पूर्वक सुनें और त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल जीवन मिशन विभाग की समीक्षा करते हुए पेयजल एवं जलापूर्ति व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने ग्राम पंचायत के विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जिला पंचायती राज अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि जनपद की ग्राम पंचायत का चिन्ह्यांकन करते हुए एक मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित की जाए, जहां आमजन की सुविधानुसार सभी व्यवस्थाएं संचालित की जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को और बढ़ाने की आवश्यकता है।

इसके लिए आवश्यक है कि विभागीय अधिकारी नियमित रूप से सभी विद्यालयों की मॉनीटरिंग करते रहें। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने में अधिकारी अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सभी सम्भव प्रयास करें।

मंत्री ने अधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व कृषि, पंचायतीराज, विद्युत, पेयजल, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

# डीसीबी ज्वालानगर शाखा के कायाकल्प भवन का लोकार्पण, बी-पैक्स अजीतपुर का भी किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्यमंत्री सहकारिता विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने डीसीबी शाखा ज्वालानगर, रामपुर के कायाकल्प भवन का लोकार्पण कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायिका मिलक-शाहबाद राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार की उपस्थिति में किया तथा शाखा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




उन्होंने शाखा परिसर में किए गए कायाकल्प कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक एवं सुव्यवस्थित बैंकिंग वातावरण से किसानों एवं सहकारी संस्थाओं को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। बी-पैक्स अजीतपुर द्वारा भवन का कायाकल्प कर उसे आदर्श शाखा के रूप में विकसित किया गया है। सहकारी समितियों को किसानों के लिए बहुउपयोगी सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता को और अधिक मजबूती मिल सके।

इसके उपरांत उन्होंने अजीतपुर बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड (बी-पैक्स) का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यूरिया एवं डीएपी खाद की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान, सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक डा. गणेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागीय अधिकारी, बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से तीन बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कार की टककर से तीन वाईक सवार युवक घायल हो गये घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया अभिषेक पुत्र राजेंद्र, अभिषेक पुत्र भगवासरन शनि पुत्र अनोखेलाल यह तीनों युवक बाइक द्वारा मिलक से अपने गांव धर्मपुर रहसेना तहसील मिलक जनपद रामपुर को जा रहे थे गंगापुर जदीद गांव के निकट मिलक बिलासपुर रोड पर कार से टक्कर हो गई और तीनों युवक घायल हो गए सूचना पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से तीनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लेकर आए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए ।

# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मिलक थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह के नेतृत्व में मिलक थाना पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर अभियुक्त इंतजार पुत्र इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मिलक में मुकदमा अपराध संख्या 171/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मेधावी सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सहकारिता विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, विधायक राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिला सहकारी बैंक चेयरमेन मोहन लाल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने लखनऊ से मुख्यमंत्री जी द्वारा आयोजित मेधावी सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण देखा। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान धनराशि एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। हाईस्कूल वर्ग में कनिष्का गंगवार, समीक्षा कुमारी, दीक्षा, प्रखर गौतम, अर्शी फातमा, नैना




गंगवार, अंजनी मैथिल, अनिकेत प्रताप सिंह, अंकित, देवांश गंगवार, नव्या शर्मा एवं उवैस तथा इंटरमीडिएट वर्ग में सेजल आर्या, मनतशा, शहरीन, प्रियांशी, अंश कुमार, मेनका, स्वेता, कशिश, राधिका एवं सरिता को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि शासन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता पर सबसे अधिक गर्व उसके माता-पिता और गुरुजनों को होता है। विद्यार्थी यदि लगन और निष्ठा के साथ अध्ययन करें तो भविष्य में प्रशासनिक एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम करने वालों को सफलता अवश्य प्राप्त होती है। प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों को रामपुर की समृद्ध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का आह्वान करते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी ज्ञान का अनमोल भंडार है, जहां संरक्षित दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों से विद्यार्थी अपने ज्ञान का विस्तार कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यार्थियों को ऐसे ज्ञान केंद्रों से जोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। साथ ही भारत की गौरवशाली शिक्षा परंपरा का उल्लेख करते हुए तक्षशिला एवं नालंदा विश्वविद्यालयों को देश की ऐतिहासिक धरोहर बताया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों ने सम्मानित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# यंगगोल्ड क्लब ने ताज क्लब को 66 रन से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें क्वार्टर फाइनल मुकाबले में यंगगोल्ड क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताज क्लब को 66 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यंगगोल्ड क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए।

टीम की ओर से कारी नदीम ने नाबाद 66 रन की बेहतरीन पारी खेली। इसके अलावा तलहा हाजी बशर ने 20, हाजी फरीद ने 17 और उस्मान ख्वाजा ने 16 रन का योगदान दिया। ताज क्लब की ओर से बिलाल और वंश ने दो-दो विकेट लिए, जबकि शाहाब और फैजान को एक-एक सफलता मिली। 163 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ताज क्लब की टीम 16



ओवर में 9 विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी। यंगगोल्ड क्लब के गेंदबाज उस्मान ख्वाजा और नावेद रहमानी ने दो-दो विकेट झटके, जबकि ताल्हा, फाइक अजीम और नोमान ने एक-एक विकेट लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए कारी नदीम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार मास्टर मशीनरी के अकबर अली ने प्रदान किया। मैच में राहत अली और बाबू जी ने अंपायरिंग की, जबकि मोहम्मद सईद सागर, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक ने कमेंट्री की। बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने मैच का आनंद लिया।

# ग्राम समाज की 200 बीघा भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, प्रधान ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** ग्राम पंचायत सागरपुर के प्रधान हाजी इरफान ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। प्रधान का कहना है कि गांव की लगभग 200 बीघा ग्राम समाज की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिससे ग्राम पंचायत की संपत्ति पर संकट उत्पन्न हो गया है। प्रधान हाजी इरफान द्वारा भेजी गई शिकायत के अनुसार थाना सैफनी क्षेत्र के निवासी मजीद, राशिद पुत्र इस्लाम तथा मुरा पुत्र सईद पहलवान पर ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि जब उन्होंने संबंधित लोगों से भूमि खाली करने को कहा तो आरोपितों ने अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रधान ने शिकायत में



कहा है कि दबंगों के भय के कारण उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर ग्राम समाज की भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में शिकायत की प्रतिलिपि मंडलायुक्त मुरादाबाद, जिलाधिकारी रामपुर और उपजिलाधिकारी शाहबाद को भी भेजी गई है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और ग्रामीण प्रशासन से शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

# अवैध मिट्टी खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, जेसीबी मशीन जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार।** तहसील स्वार क्षेत्र के ग्राम मिलक खानम में मिट्टी के अवैध खनन के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी स्वार को आवश्यक एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी स्वार द्वारा बिना देर किए संबंधित राजस्व एवं प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर मिट्टी का अवैध खनन कार्य संचालित होता पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध खनन कार्य में प्रयुक्त जेसीबी मशीन को मौके से जब्त कर लिया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक एवं कठोर कार्यवाही प्रारम्भ की गई। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं प्राकृतिक



संसाधनों के अवैध दोहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों, मशीन संचालकों एवं संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, अवैध खनन की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच एवं प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाए, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# घर में घुसकर धमकी देने का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना सैफनी क्षेत्र के ग्राम खरसौल निवासी अमर सिंह पुत्र इत्ताली सिंह ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि 30 मई की शाम करीब 7 बजे फैजान, वाजिद अली और उनके कुछ साथी कथित रूप से उनके घर में घुस आए। आरोप है कि उनके पास धारदार हथियार और तमंचा था।

घर में मौजूद महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि जाते समय आरोपी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर गए। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# योग शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर किया प्रतिभाग

## आयुष विभाग द्वारा किला मैदान में आयोजित किया गया शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आयुष विभाग रामपुर द्वारा किला मैदान में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

योग प्रशिक्षक राजीव कुमार प्रजापति एवं अर्चना गुप्ता ने प्रतिभागियों को वृक्षासन, त्रिकोणासन, कटिचक्रासन, भुजंगासन सहित कई लाभकारी योगासनों का अभ्यास कराया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा जीवन ऊर्जावान बना रहता है। योग न केवल शारीरिक रोगों से बचाव करता है, बल्कि मानसिक तनाव, चिंता और



अवसाद को भी कम करने में सहायक है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 30 से 45 मिनट योग करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा जीवनशैली से जुड़ी अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में उपस्थित लोगों ने योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# श्री कृष्णा जान प्रसंग सुन भाव भर हुए, श्रद्धालु मंदिर परिसर गूंज नंद के आनंद भयो से

## आचार्य श्याम ब्रज बिहारी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक ढंग से वर्णन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** ग्राम पिपला शिवनगर स्थित दुर्गा देवी मंदिर में किशोरी नंद गोपाल आश्रम वृंदावन धाम एवं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य शास्त्री श्याम ब्रज बिहारी उर्फ अन्य त्यागी श्याम बाबा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथाव्यास ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान का अवतरण केवल दुष्टों के विनाश के लिए नहीं, बल्कि भक्तों के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए भी होता है। कथा के दौरान भगवान




श्रीकृष्ण की माखन चोरी, पूतना वध और अन्य बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, भक्ति और सदाचार का संदेश देती हैं। कथा के बीच-बीच में भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ कथा का आनंद लिया।इस दौरान संजय तिवारी,अनिल शुक्ला,अनुराग पाठक, ब्रह्मानंद मिश्रा,श्याम सुंदर पाठक,भोजराज मौर्य,तुलसीराम गंगवार,राजमोहन तिवारी, अजय दुबे,श्याम सिंह पासी,महेंद्र पाल कोरी,विपिन तिवारी,रामसिंह पाल,संजीव गंगवार,वेदराम, कुमार सेन आदि उपस्थित रहे।

# वैभव सूर्यवंशी को मिली ऑरेंज कैप

**आईपीएल 2026 के मोस्ट वैल्युबल खिलाड़ी के साथ ही जीते पांच अवॉर्ड**




**अहमदाबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही वह एक ही सीजन में यह दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा 16 मुकाबलों में 776 रन बनाने के साथ ही ऑरेंज कैप भी उन्हें हासिल हुई।

रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया। मुकाबले के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में वैभव सूर्यवंशी को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में सूर्यवंशी ने 237.30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। न्यू चंडीगढ़ में खेले गए क्वालीफायर-2 में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार झेलनी पड़ी।

ऑरेंज कैप की सूची में दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल थे जिन्होंने 732 रन बनाए, वहीं उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने 722 रन के साथ सीजन समाप्त किया। पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे कगिसो रबाडा रहे जिन्होंने 17 मुकाबलों में 9-86 की इकॉनमी से सर्वाधिक 29 विकेट हासिल किए। भुवनेश्वर कुमार ने फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो विकेट हासिल कर पर्पल कैप हासिल कर लिया था क्योंकि उनकी इकॉनमी रबाडा से बेहतर थी। हालांकि रबाडा दूसरी पारी में देवदत्त पड्क्किल का विकेट लेकर भुवनेश्वर से आगे निकल गए। भुवनेश्वर ने 16 मुकाबलों में 7.95 की इकॉनमी से 28 विकेट हासिल किए, जो कि एक सीजन में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा लिए गए संयुक्त तौर पर दूसरे सर्वाधिक विकेट हैं। रबाडा ने दूसरी बार पर्पल कैप जीता। वह दो पर्पल कैप जीतने वालों की श्रेणी में शामिल हो गए जिसमें ड्वेन ब्रावो, भुवनेश्वर और हर्षल मौजूद हैं।

## अगले आईपीएल सीजन में भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा: सूर्यवंशी

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और सबसे बहुमूल्य खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले राजस्थान रॉयल्य (आरआर) के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह अगले सीजन भी बेहतर प्रदर्शन करने का पूरा प्रयास करेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि काफी अच्छा लग रहा है लेकिन इस समय मैं दबाव में हूं क्योंकि इंटरव्यू के लिए आया हूं।

मैं अगले साल भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रयास करुंगा। अब मैं दूध नहीं पीता हूं (हंसते हुए)। मैं अपने गेम पर भरोसा जताता हूं और मैं सोचता हूं कि अगर पहली गेंद को हिट कर सकता हूं तो फिर ऑल आउट हिट के लिए जा सकता हूं। सूर्यवंशी ने यह तो बताया ही कि उन्हें इस सीजन क्या सीखने को मिला लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी फिटनेस पर काम करेंगे और चोट से बचने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने ने कहा कि मैंने यह सीखा है कि आप हमेशा आक्रमण नहीं कर कर सकते हैं। आपको दबाव में खेलना होता है और परिस्थितियों और टीम के हिंसाब से भी खेलना होता है। मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा और चोट से बचना होगा। उल्लेखनीय है कि सूर्यवंशी ने इस सीजन 237-30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्लेऑफ में पहुंच. ाने में अहम भूमिका निभाई।

## मध्यमक्रम ने कोहली को खुलकर खेलने की दी आजादी: वरुण



**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट वरूण ऐरन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भरोसेमंद मध्यमक्रम के कारण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली खुलकर खेल पाए।

ईएसपीएन टाइम आउट कार्यक्रम के दौरान ऐरन ने यह बात कही। कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट में टॉम मूडी ने कहा कि कोहली ने मैच में अपनी बल्लेबाजी का आनंद लिया। वहीं वरुण ऐरन का मानना है कि इसकी मुख्य वजह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मजबूत मध्यक्रम है। उनके अनुसार, वह ज्यादा आनंद इसलिए ले पा रहे हैं क्योंकि उनके पास भरोसेमंद मध्य क्रम है, जिसने कोहली को खुलकर खेलने की आजादी दी है। मूडी कहा कि इस साल कोहली के बारे में जो बात मुझे सबसे अलग लगती है, वह यह है कि वह बल्लेबाजी करते हुए वह इसका लुत्फ उठा रहे हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्ाों में वह बल्लेबाजी को एक बिजनेस की तरह ले रहे थे। वह उस बिजनेस को बस संभाल रहे थे। लेकिन इस सीजन में मुझे ऐसा खिलाड़ी दिखा, जो सब कुछ छोड़कर सिर्फ खेल का लुत्फ उठा रहा है। उनकी प्रतिभा और क्लास की वजह से हर चीज बेहतर हो रही है, बाउंड्री, स्ट्राइक रेट, सब कुछ, क्योंकि उनके पास परफेक्ट गेम है। उन्होंने खुद को खुला छोड़ दिया है और वह लुत्फ उठा रहे हैं। इसका फायदा सभी को हो रहा है, आरस. ीबी को भी, प्रशंसकों को और खेल को भी।

ऐरन का तर्क है कि बदलाव केवल कोहली में नहीं, बल्कि आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम में भी आया है। लंबे समय तक आरसीबी की बल्लेबाजी क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और को. हली पर बहुत ज्यादा निर्भर रही। लेकिन अब रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ऊपरी मध्यक्रम में, टिम डेविड और क्रुणाल पंड्या मध्यक्रम में और ऊपरी क्रम में फिल सॉल्ट व वेंकटेश अ"यर जैसे खिलाड़ियों के प्रभावशाली योगदान के कारण कोहली पर बोझ कम हो गया है। ऐरन ने कहा कि अब उन्हें पता है कि अगर वह आउट भी हो जाए तो दूसरे बल्लेबाज मौजूद हैं। हमने पावरप्ले में उनके इंटेंट की बात की है, लेकिन उनका फॉल्स-शॉट प्रतिशत भी बेहद ऊंचा है। यह 30 प्रतिशत से ऊपर के आसपास है। 24.82 प्रतिशत पिछले दस सीजन में सिर्फ दो बार इससे अधिक रहा है।

**खेल विशेष**

### ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्वकप में लगातार छठी बार लेगी हिस्सा

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम 11 जून से शुरु होने वाले फीफा विश्वकप 2026 में लगातार छठी बार हिस्सा लेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम क्वालिफाइंग ग्रुप में जापान के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। पिछली बार, कतर 2022 में,ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम, जिसे सॉकरूज के नाम से भी जाना जाता है ने राउंड ऑफ 16 में पहुंचकर विश्वकप में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दोहराया था। वहा, ऑस्ट्रेलिया को बाद में चैंपियन बनी टीम अर्जेंटीना के हाथों 2-1 से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे।

### गुलजार की तूफानी पारी से भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराकर 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजि-) के ग्रुप 'सी' मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। टीम की ओर से देव मेहरा ने शानदार संर्घापूर्ण पारी खेलते हुए 53 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी इस बेहतरीन पारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रिंस मेहरा (29 रन) और मानव (25 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### महाकाल का आशीर्वाद लेकर मैच की तैयारी में जुटी उज्जैन फाल्कन्स

**(मध्य प्रदेश), वार्ता।** उज्जैन फाल्कन्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत से पहले यहां स्थित पवित्र महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी सदस्य और फ्रेंचाइजी प्रतिनिधि एक साथ मंदिर पहुंचे और आगामी सीजन के लिए भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभवी खिलाड़ी और युवा प्रतिभाओं से सुसज्जित फ्रेंच. इजी को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले माधव से टीम और मजबूती मिली है।

## 2026 एशियाई खेलों से पहले टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में 22 रोअर्स शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 174वीं बैठक में, 2026 एशियाई खेलों (आइची-नागोया में होने वाले) और अन्य आने वाले प्रतियोगिताओं से पहले, कई रोअर्स को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है। यह लिस्ट सालाना राट्रीय चयन ट्रायल्स और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) द्वारा क्रू को अंतिम रूप दिए जाने के बाद तैयार की गई है। अब कुल 22 रोअर्स छह अलग-अलग नावों में टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा हैं। यह क्रू अब रोइंग से जुड़े बड़े अंतर्राट्रीय मुकाबलों, जिनमें एशियाई खेल और विश्व कप सर्किट शामिल हैं,

के लिए तैयारी करेगा। शामिल किए गए प्रमुख नामों में पेरिस 2024 ओलंपियन बलराज पंवार, एशियाई खेल 2022 के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह, एशियाई खेल 2022 के दोहरे पदक विजेता जसविदर सिंह और अन्य शामिल हैं। इन 22 रोअर्स को अलग-अलग नावों के ग्रुप में बांटा गया है, जिनमें पुरुों की एकल स्कल्स (एम1एक्स), पुरुों की युगल स्कल्स (एम 2 एक्स), पुरुों की क्वाड्रपल स्कल्स (एम 4 एक्स), लाइटवेट पुरुों की युगल स्कल्स (एलएम 2 एक्स), पुरुों की कॉक्स्ड एट (एम 4-) और महिलाओं की कॉक्सलेस फोर्स (डब्ल्यू 4-) शामिल हैं। जहां शामिल किए गए ज्यादातर एथलीट्स को सीधे तौर पर 2026 एशियाई खेलों के चक्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया जा रहा है। इन कई भारतीय रोअर्स को टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल करना, केवल व्यक्तिगत पदक की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, कई नाव श्रेणियों में एक स्थाई बेंच स्ट्रेंथ बनाने का एक और प्रयास है। चूंकि भारत 2030 में राट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण की मेजबानी करने वाला है।

## सिंगापुर ओपन में ऐतिहासिक जीत पर सात्विक-चिराग को बधाई दी




**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए- रेवंत रेड्डी ने भारतीय बैडमिंटन सितारों सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को प्रतिठित सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में पुरुों का युगल खिताब जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने इस भारतीय जोड़ी की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की।

इस जोड़ी ने फाइनल में दुनिया की नंबर 3 इंडोनेशियाई जोड़ी को एक शानदार वापसी करते हुए हराया था। रेवंत रेड्डी ने कहा कि सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय डबल्स जोड़ी बन गए हैं, और उन्होंने इसे भारतीय बैडमिंटन के लिए एक गर्व का क्षण बताया।

## आईपीएल में लगातार तीसरी बार ट्रॉफी जीतने पर होगा अब सारा फोकस: पाटीदार

**गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार**




**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने हम जीत का जश्न माना रहे लेकिन हमारा ध्यान अब इस बात पर है कि इस लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार के चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान थी।

जो व्यक्ति आमतौर पर अपनी भावनाएं ज्यादा जाहिर नहीं करता, उसके लिए यह मुस्कान किसी भी शब्द से अधिक कह रही थी। उनके बगल में रखी ट्रॉफी को बीच-बीच में देखना और उसे महसूस करना उस कप्तान की संतुटि को दिखा रहा था। इस पल को और भी खास बनाने वाली बात इसका समय था। यह उनका 33वां जन्मदिन भी था। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह शानदार एहसास है। आज मेरा जन्मदिन है और इससे बेहतर तोहफा नहीं हो सकता। मैं ऐसा इंसान हूं, जो हमेशा वर्तमान में जीने पर ध्यान देता है। हमने लगातार दो खिताब जीते हैं, इसका जश्न मनाएंगे, लेकिन अब ध्यान इस बात पर होगा कि लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। जब आप ट्रॉफियां जीतते हैं, तो व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं देखते। इससे बड़ा कुछ नहीं है। जब उनसे दोनों खिताबी सफर की तुलना करने को कहा गया, तो पाटीदार को लगा कि 2026 का खिताब कहीं न कहीं पहले से तय सा लग रहा था, क्योंकि लीग चरण में टीम का दबदबा साफ दिखाई दिया था। उन्होंने कहा, पिछले साल काफी दबाव था इस साल मैं ज्यादा शांत था। पूरे टूर्नामेंट में हमने सिर्फ खेला नहीं, बल्कि दबदबा बनाया। मुझे भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो आरसीबी के लिए दूसरा खिताब जीत सकते हैं। कप्तान के तौर पर मैं बहुत ज्यादा भावनाएं जाहिर नहीं करता, लेकिन साथ ही मैच की परिस्थितियों को समझता हूं। बेशक आपको समर्थन की जरूरत होती है और मुझे टीम प्रबंधन व खिलाड़ियों से भरपूर समर्थन मिला। जिन चीजों पर उन्होंने सबसे ज्यादा मेहनत की, उनमें बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग रखना शामिल था। बल्लेबाजी की तैयारी उन्होंने ऑफ-सीजन में दिनेश कार्तिक के साथ की थी, जिसका शानदार नतीजा सीजन के दौरान देखने को मिला। पाटीदार ने 192-69 के स्ट्राइक रेट से 501 रन बनाए। 2021 में डेब्यू के बाद किसी एक सीजन में यह उनका सर्वश्रेठ प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि मैंने कप्तान और बल्लेबाज दोनों भूमिकाओं में बहुत कुछ सीखा। मैं इस बात पर ध्यान देता हूं कि बल्लेबाजी के लिए खुद को कितना समय देता हूं। सीजन से पहले मैंने नेट्स में काफी समय बिताया केवल मैं और गेंदबाज। दिनेश कार्तिक भाई के साथ मेरी काफी बातचीत हुई।

## ऑस्ट्रेलिया की फीफा विश्व कप टीम में वोल्पाटो को मिली जगह

**सिडनी, वार्ता।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपनी टीम का की घोाणा कर दी है इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो पहली बार विश्व कप खेल सकते हैं और दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राट्रीय मैच नहीं खेला है।

चयनकर्ताओं ने टीम में इटली में रहने वाले अटैकिंग प्लेमेकर क्रिस्टियन वोल्पाटो को भी शामिल किया गया है। वोल्पाटो ने अंतर्राट्रीय स्तर पर इटली के बजाय ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलने का फैसला किया है और वह वर्ल्ड कप में अपना पहला सीनियर अंतर्राट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार हैं। 22 साल के वोल्पाटो का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, लेकिन उन्होंने यूथ इंटरनेशनल स्तर पर इटली की तरफ से खेला था। टीम में उनके साथ ऐसे स्ट्राइकर टेटे एंगी भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राट्रीय मैच नहीं खेला है और जो जापान में क्लब फुटबॉल खेलते हैं। विश्व कप में टीम की कप्तानी गोलकीपर मैट रयान और विगर मैथ्यू लेकी करेंगे। ए दोनों सॉकरूस के तीसरे और चौथे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो चार वर्ल्ड कप में खेलेंगे। हेड कोच टोनी पोपो. विक ने एक बयान में कहा कि इस फाइनल वर्ल्ड कप टीम को चुनने में कई बातों का ध्यान रखा गया है। कुछ मुश्किल फैसले भी लेने पड़े, बड़े टूर्नामेंट्स में ऐसा ही होता है।

## रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी माथियास बो के साथ फिर से जुड़े

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ा युगल बैडमिंटन जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, आने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स से पहले डेनमार्क के अपने पुराने कोच मैथियास बो के साथ फिर से जुड़ गए हैं। मैथियास बो, जो पुरुों के डबल्स में लंदन 2012 ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं,

ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने अप्रैल में थॉमस कप शुरू होने से पहले ही भारत की टॉप पुरुों की युगल बैडमिंटन जोड़ी के साथ चुपके से काम करना शुरू कर दिया था। बो ने स्पट किया कि वह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कंसल्टेंट के तौर पर काम करेंगे, साथ में मलेशिया के मौजूदा नेशनल टीम कोच टैन किम हेर भी होंगे। बो का मुख्य फोकस टैक्टिकल इनपुट और मैच एनालिसिस पर रहेगा, जबकि टैन इस जोड़ी के साथ फुल-टाइम कोच के तौर पर काम करते रहेंगे। मैथियास बो ने इस्टाग्राम पर लिखा, अंदाजा लगाइए, कौन फिर से साथ आ गया है? अब जब मेरे पास थोड़ा ज्यादा समय है, तो थॉमस कप से पहले ही मैंने सात्विक और चिराग के साथ फिर से चुपके से काम करना शुरू कर दिया है।

## मोदी ने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19 पदक जीतने पर दी बधाई

**शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है: मोदी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीतने पर भारतीय दल को हार्दिक बधाई दी है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर शुभकामना संद. ेश पोस्ट करते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है। उनकी यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विाय है। आशा है कि उनकी सफलता आने वाले वर्ाों में और अधिक युवा भारतीयों को खेलों को अपनाने तथा उत्कृटता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविय और निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को भारतीय महिलाओं की 4गुना400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय दल ने चैंपियनशिप के अंतिम दिन तीन और स्वर्ण पदक जीते, जिससे कुल स्वर्ण पदकों की संख्या10 हो गई। भारतीय दल कुल 19 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम ने 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीत के साथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना लौहा मनवाया। चीन इस चैंपियनशिप में 14 स्वर्ण, नौ रजत और दो कांस्य पदकों के साथ कुल 25 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा और जापान कुल 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।



क्वोयुक ने स्वियातेक को हराकर फ्रेंच ओपन में किया उलटफेर पेरिस। चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक चौथे राउंड में बाहर हो गईं, जबकि रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया 17 साल में पहली बार रोलैंड गैरोस क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर महिलाओं के वर्ग में हुआ, जहां 15वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक ने तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियातेक को एक घंटे 39 मिनट में 7-5, 6-1 से हरा दिया। स्वियातेक, जो टूर्नामेंट में पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक थीं, पहले सेट में कड़े मुकाबले के बाद मैच पर दोबारा पकड़ बनाने के लिए संर्घा करती रहीं। उन्होंने कहा कि मैंने मैच पर से अपना नियंत्रण खो दिया, और मेरे पास वापसी का कोई रास्ता नहीं था, क्योंकि मुझे लगातार बुरा महसूस हो रहा था। स्वियातेक ने कहा कि मैं आज इसलिए हारी क्योंकि मार्टा ने मौके का फायदा उठाया, और मैं बहुत अधिक तनाव में थी। मुझे यह विश्वास रखना होगा कि मैं इस मुश्किल से उबर सकती हूं और इतनी जल्दी विचलित नहीं होऊंगी। क्वोयुक क्वार्टरफाइनल में अपनी हमवतन यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से भिड़ेंगी। स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की बेलिडा बेनसिक को हराकर निर्णायक सेट 6-0 से जीता।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# दूरगामी फैसला

अपने आप में यह एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी निर्णय हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इन्कार कर दिया और मौजूदा पेन-एंड-पेपर (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया। स्पष्ट है कि न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, सीबीएसई, और एनसीईआरटी को नोटिस जारी करके हाल ही में यह निर्देश दिया है कि वे 1 जुलाई 2006 से सभी सीबीएसई स्कूलों में नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन-भाषा फार्मूला लागू करने के अपने इंतजामात के बारे में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। बीते 27 मई को, सीबीएसई के इस कदम को चुनौती देने वाली याचिक.ाओं को सुनते हुए, शीर्ष अदालत ने तुरंत कोई स्थगनादेश देने से मना कर दिया था, लेकिन यह माना कि कठिनाई और असु.विधा को लेकर चिंताओं की समीक्षा की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट 15 और 16 जुलाई को दलीलें सुनेगा। जिस अगंभीर ढंग से सरकार अपनी विवादास्पद भाषा नीति लागू करने के लिए सीबीएसई का इस्तेमाल कर रही है, वह एक बार फिर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति पूर्ण उपेक्षा-भाव को दिखाता है। इसी 15 मई को, सीबीएसई ने एक परिपत्र जारी कर 1 जुलाई से नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया। इसके लिए नयी शिक्षा नीति ѐएनईपीѕ 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के साथ संगति का हवाला दिया गया। तीन में से कम-से-कम दो देशी भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। फ्रेंच या जर्मन जैसी विदेशी भाषाएं तीसरी भाषा के रूप में केवल तभी ली जा सकेंगी, जब पहली दो भाषाएं भारतीय हों, या फिर वैकल्पिक चौथे विषय के रूप में ली जा सकेंगी। विद्यार्थियों के सामने खड़ी की गयी कठिनाई पर पर्दा डालने की तुच्छ कोशिश में, सीबीएसई ने दसवीं के बोर्ड इम्तिहान से तीसरी भाषा को छूट दे दी, जिसका मूल्यांकन स्कूल-आधारित आंतरिक मूल्यांकनों के जरिए किया जायेगा। हालांकि, इसके अंक अंतिम प्रमाणपत्र में अब भी मौजूद रहेंगे।

## मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर



सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं, तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है, डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है, अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं, मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर डाला जा रहा है, गलती सीबीएसई करती है और इसकी सजा बच्चे को मिलती है और सरकार इससे कमाई करती है, जब शिक्षा को सेवा नहीं, बल्कि कारोबार बना दिया जाता है, तो गलतियां सुधरने के बजाय व्यवस्था का हिस्सा बन जाती हैं और इसकी सबसे बड़ी कीमत बच्चों को अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य से चुकानी पड़ती है।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

(सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003)

# महंगाई की मार झेलता आम आदमी, मजे में जिंदगी जीता एक वर्ग!

> **"आर्थिक दबाव अब सिर्फ खातों की गणना नहीं रहा, यह जीवन की सोच और मनोस्थिति तक उतर आया है। बेहतर जीवन की चाह में लोग कर्ज और ईएमआई के ऐसे जाल में उलझते जा रहे हैं, जहां इच्छाएं बार-बार टलती हैं और जरूरतें आगे खिसकती जाती हैं।**





प्रो. आर.के. जैन

भारत की आर्थिक कहानी में एक ऐसा पात्र है जो हर अध्याय में मौजूद रहता है, लेकिन जिसकी पीड़ा अक्सर फुटनोट बनकर रह जाती है। यह पात्र है मध्य वर्ग। यह वही जीवन है जो हर सुबह उम्मीद जोड़ता है और हर रात हिसाब में उलझकर टूटता थोड़ा और है। विकास, कर और उपभोग की सबसे भारी जिम्मेदारी इसी के कंधों पर है, फिर भी सुविधाएं इसके हिस्से में हमेशा कम पड़ जाती हैं। न यह इतना कमजोर है कि योजनाओं का पूरा लाभ ले सके, न इतना सक्षम कि महंगाई और करों का दबाव सहज झेल पाए इसलिए यह लगातार सिकुड़ती आर्थिक खाई में फंसता जा रहा है। वर्ष 2026 में स्थिर आय, बढ़ती कीमतें और ईंधन का बोझ इसे और अधिक नीरव पीड़ा में धकेल रहे हैं।

अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाने वाला मध्य वर्ग आज उसी व्यवस्था के सबसे तीखे दबाव में है विडंबना यह कि जिस मशीन को वह चलाता है, उसका सबसे भारी बोझ भी वही उठाता है। उपभोग, कर और नकदी प्रवाह की धुरी होने के बावजूद उसकी आय का अधिकांश हिस्सा रोजमर्रा खर्चों में ही समाप्त हो जाता हैय शहरों में किराया कमाई को निगलता है, ईएमआई आय को जकड़ती है, राशन और शिक्षा का बढ़ता खर्च लगातार दबाव बनाता है। कर राहतें महंगाई की रफ्तार के आगे कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे बचत घटती है और भविष्य और अधिक अनिश्चित होता जाता है।

कीमतों की चुपचाप उठती लहरें सबसे पहले मध्य वर्ग की जेब से टकराती हैं, क्योंकि उसके पास बचाव की गुंजाइश सबसे कम होती है। पेट्रोल.डीजल महंगा होता है तो असर सिर्फ गाड़ी तक नहीं रहता परिवहन से लेकर रसोई, बाजार और हर जरूरी सेवा की कीमतें ऊपर चढ़ जाती हैं। सब्जी, दूध, दाल और रोजमर्रा का सामान लगातार बजट को अस्थिर करता रहता है, जबकि आय उसी रफ्तार से नहीं बढ़ती। चिकित्सा खर्च तेजी से बढ़ रहा है और शिक्षा की लागत भी हर साल नई ऊंचाई छू रही है। न मुफ्त इलाज का सहारा है, न पूरी तरह सस्ती शिक्षा का विकल्प हर सेवा का पूरा मूल्य चुकाकर ही यह वर्ग अपनी जरूरतें पूरी करता है।

करों की अदृश्य परतें जब आम जीवन पर चढ़ती हैं, तो सबसे पहले मध्य वर्ग की सांसें भारी हो जाती हैं। आयकर का सबसे बड़ा हिस्सा देने के बावजूद यह वर्ग लाभों की कतार में अक्सर पीछे रह जाता है। एक ओर गरीब वर्ग को योजनाओं और सब्सिडी का सहारा मिलता है, दूसरी ओर संपन्न वर्ग कर-योजनाओं से राहत निकाल लेता है पर इनके बीच खड़ा मध्य वर्ग न पर्याप्त सहायता पा पाता है, न कर बचाने की सुविधा। बिजली, पानी, किराया और हर उपभोग वस्तु पर सीधे-परोक्ष करों का दबाव उसकी जेब को लगातार हल्का करता रहता है। नतीजतन, आय बढ़ने के बावजूद उसकी वास्तविक खरीद क्षमता धीरे-धीरे घटती जाती है।

सपनों की बुनियाद माने जाने वाले आवास और शिक्षा आज मध्य वर्ग के लिए सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती बन चुके हैं। महानगरों में किराया इतना बढ़ गया है कि आय का बड़ा हिस्सा सिर्फ छत बचाने में ही निकल जाता है, जबकि घर खरी.दने का सपना लंबी ईएमआई और भारी ब्याज के बोझ में उलझकर रह जाता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी अब सस्ती नहीं रही स्कूल फीस, परिवहन, कोचिंग और गतिविधियों के खर्च मिलकर परिवार के बजट को लगातार दबाते रहते हैं। इसी तरह स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते बीमा प्रीमियम और सीमित कवरेज हर अचानक बीमारी को आर्थिक अस्थिरता का कारण बना देते हैं, जिससे वर्षों की योजना पल भर में बिखर सकती है।

आर्थिक दबाव अब सिर्फ खातों की गणना नहीं रहा, यह जीवन की सोच और मनोस्थिति तक उतर आया है। बेहतर जीवन की चाह में लोग कर्ज और ईएमआई के ऐसे जाल में उलझते जा रहे हैं, जहां इच्छाएं बार-बार टलती हैं और जरूरतें लगातार आगे खिसकती जाती हैं। भविष्य के लिए बचत और निवेश की योजनाएं आज के खर्चों के सामने कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे सुरक्षा की भावना धीरे-धीरे धुंधली होती जाती है। युवा पीढ़ी इस असंतुलन को देखकर भरोसे की जगह उलझन महसूस कर रही है शिक्षा, नौकरी और स्थिरता के पुराने भरोसे अब पहले जैसे मजबूत नहीं रहे। यह स्थिति केवल आय-व्यय का अंतर नहीं, बल्कि उम्मीदों और हकीकत के बीच गहराती खामोश दूरी का संकेत है।

यह स्थिति केवल घरों की सीमाओं में कैद नहीं रहती, बल्कि पूरे देश की आर्थिक धड़कन को प्रभावित करती है। जैसे ही मध्य वर्ग की क्रय शक्ति घटती है, बाजार की रफ्तार धीमी पड़ने लगती है, उपभोग कम होता है और विकास की गति पर सीधा असर दिखता है। इसलिए इसकी समस्याओं को व्यक्तिगत बोझ मानकर नजर.अंदाज नहीं किया जा सकता। जरूरत है वास्तविक कर सुधार, महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण, स्वास्थ्य.शिक्षा में लक्षित राहत, ईंधन करों में संत.ुलन और किफायती आवास नीतियों की। अगर अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले इस वर्ग को स्थिरता नहीं मिली, तो विकास की पूरी संरचना धीरे-धीरे कमजोर पड़ सकती है।

राष्ट्र निर्माण की धुरी अब एक नए दृष्टिकोण की मांग कर रही है, जहां मध्य वर्ग को केवल करदाता नहीं बल्कि वास्तविक भागीदार माना जाए। वर्षों से यह वर्ग विकास की कीमत चुकाता आया है, लेकिन अब उसके धैर्य और क्षमता दोनों की सीमाएं स्पष्ट होने लगी हैं। जो वर्ग अर्थव्यवस्था को गति देता है, वही यदि असुरक्षा, कर्ज और अनिश्चितता के दबाव में आ जाए, तो यह स्थिति पूरे देश के लिए चेतावनी बन जाती है। जैसे शरीर की ताकत रीढ़ पर टिकी होती है, वैसे ही किसी राष्ट्र की स्थिरता मध्य वर्ग पर निर्भर करती है और यदि यही रीढ़ कमजोर पड़ जाए, तो विकास की चमक भी लंबे समय तक कायम नहीं रह सकती।

# बंगाल में अब भाजपा के राज में हिंसा जारी

> **सवाल यह है क्या इस तरह की हिंसा को जनता का प्रतिरोध या गुस्सा कहकर नजर.अंदाज किया जा सकता है? पश्चिम बंगाल के एक मंत्री कह रहे हैं कि यह भी देखना चाहिए कि टीएमसी के राज में क्या होता था। क्या एक मंत्री की यही जिम्मेदारी है कि वह इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान दें? क्या इस हिंसा के पीछे इसके एक सोची समझी साजिश है? राजनीति में पर्दे के पीछे भी कई तरह के खेल होते हैं। धर्म और संस्कृति के नाम ऊपर से साफ-सुथरे दिखाई देने वाले कई राजनेता अंदर से इतने गंदे होते है कि अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।**



रोहित कौशिक

किसी भी दौर की राजनीति में हिंसा राजनीति का मूल तत्व नहीं हो सकती है। हम इसलिए हिंसा का समर्थन नहीं कर सकते कि तुम्हारी पार्टी के राज में हिंसा होती थी, इसलिए हमारी पार्टी के राज में हिंसा होगी। विडम्बना यह है कि इस दौर में यदि किसी एक पार्टी के राज में हिंसा या फिर किसी अन्य गलत काम का विरोध किया जाता है तो उस पार्टी के कार्यकर्ता अक्सर यह कहते हैं कि इससे पहले के राज में कौन सा रामराज्य था? पहले राज में भी तो यही हाल था। अगर पहले राज में यही हाल था तो ही जनता ने बदलाव किया लेकिन अगर इस राज में भी ऐसा ही होगा तो फिर बदलाव कहां हुआ? इस दौर की राजनीति में हिंसा का तत्व बढ़ता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है यह है कि राजनीति में जानबूझकर नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। कभी हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर नफरत परोसी जाती है तो कभी क्षेत्र के नाम पर नफरत परोसी जाती है। पश्चिम बंगाल में हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन सरकार बदलने के बाद भी वहां हिंसा जारी है। भाजपा द्वारा चुनाव जीतने के बाद वहां जिस तरह से टीएमसी के कार्यालय और टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई, वह यह दिखाता कि सत्ता बदलने के बाद भी इस दौर की राजनीति की मूल प्रवृत्ति बदल नहीं रही है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के खिलाफ जनाक्रोश की घटनाएं लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिलीं। शनिवार को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ हुई मारपीट और पथराव की घटना के बाद रविवार को तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी के साथ दुर्व्यवहार और पथराव किया गया।

पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हुए हमले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिषेक बनर्जी चुनाव के बाद हुई हिंसा में मारे गए एक पार्टी कार्यकर्ता के आवास पर गए थे। भीड़ ने उन पर अंडे और जूते फेंके जबकि सुरक्षाकर्मी उन्हें बचाने का प्रयास करते रहे। भीड़ के विरोध और हिंसा को देखते हुए अभिषेक बनर्जी को हेलमेट पहनाया गया। उन पर पत्थर भी फेंके गए। अंडे लिए हुए महिलाओं ने कहा कि वे तब तक नहीं जाएंगी जब तक कि हिसाब बराबर नहीं कर लिया जाता। भीड़ ने कई मुद्दों पर अपनी नाराजगी जाहिर की। सोनारपुर मे यह गतिरोध एक घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। पुलिस और केन्द्रीय बलों के मौके पर पहुंचने पर उन्हें घर से बाहर निकाला गया। अगर सुरक्षा बलों की मौजूदगी में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो इससे शर्मनाक और कुछ नहीं हो सकता। सवाल यह है कि सुरक्षा बलों ने पथराव करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? सुरक्षा बलों ने ऐसे लोगों पर डंडे क्यों नहीं बरसाए? इस घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा कि शासक हत्यारे बन गए हैं, भाजपा पर शर्म आती है। इस हमले की निंदा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार और केन्द्र सरकार को सभी विपक्षी नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। राजनीतिक मतभेद के कारण किसी भी प्रकार की हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

दरअसल इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष ने सटीक सवाल उठाए। क्या विरोधी विचारधारा वाले इंसान के साथ हिंसा को इस आधार पर जायज ठहराया जा सकता है कि कोई कि वह दूसरी विचारधारा से संबंध रखता है? असमहमति तो लोकतंत्र का मूलभूत तत्व है। असहमति के आधार पर हिंसा को जायज नहीं ठहराया जा सकता। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस घटना को भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति का घृणित प्रदर्शन बताया। अभिषेक बनर्जी के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में कल्याण बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीतला थाने में ज्ञापन सौंपने जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने पहले काले झंडे दिखाकर विरोध किया और उसके बाद पत्थर फेंके गए। पत्थर लगने से कल्याण बनर्जी घायल हो गए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भयंकर गर्मी में बिजली की आपूर्ति सुचारू ढंग से कैसे हो





विनीत नारायण

उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से बिजली की खपत कम करने की अपील की है। हालांकि उन्होंने यह भी आश्वा.सन दिया है कि बिजली की आपूर्ति में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। उनका यह आश्वासन सराहनीय है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। इसी हफ्ते टीवी पर एक शो में बहस के दौरान पत्रकारों ने बताया कि नोएडा में बिजली का भारी संकट चल रहा है।

बहुमंजलीय इमारतों में रहने वाले लोग भी बेहाल हैं, क्योंकि उन्हें पॉवर बैक-अप नहीं मिल रहा। उत्तर प्रदेश के अनेक शहरों में बिजली कमी को लेकर जगह-जगह जन-आंदोलन चल रहे हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश में बिजली के 'स्मार्ट मीटर' का बड़ा घोटाला भी सामने आया है। इन मीटरों को लगवाने का निर्णय योगी सरकार के पहले कार्यकाल में ऊर्जा मंत्री कांत शर्मा के नेतृत्व में लिया गया था। इन मीटरों को लेकर जनता की शुरू से ही यह शिकायत रही है कि उनके बिल खपत से कई गुना ज्यादा आ रहे हैं। अब जब पानी सर के ऊपर से गुजर गया तो उत्तर प्रदेश की त्रस्त जनता ने 'स्मार्ट मीटर' उखाड़ कर फेंकने शुरू कर दिए और आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई। योगी सरकार ने अब इन मीटरों को ना लगाने का फैसला किया है। वैसे तो हर साल गर्मियों में खास कर कर उत्तर भारत में बिजली का संकट बहुत बढ़ जाता है। क्योंकि बांधों में जल का स्तर तेजी से घटता है और नदियां भी सूखने लगती हैं। कारण पहाड़ों पर चल रहे सड़कों के विस्तार ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की है। जिससे वर्षा की मात्रा तेजी से गिर गई है। पहाड़ ही क्यों मैदानों में भी जंगलों की अविवेकपूर्ण कटाई ने देश का हरित क्षेत्र खतरनाक स्तर तक कम कर दिया है। जब ज्यादा हरियाली होती है तो वातावरण में नमी पैदा होती है और उससे वर्षा होती है। उधर अमरीका-इसराइल-इराक युद्ध हो या रूस-यूक्रेन युद्ध हो, इन युद्धों में जो गोला बारूद रात-दिन आग उगल रहा है, उससे भी 'ग्लोबल वार्मिंग' बढ़ रही है। इसका प्रमाण है, उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पर तेजी से घटते हिमखंड। कुछ वर्ष पहले तक यूरोप के लोग गर्मी का नाम ही नहीं जानते थे। वहां के घरों में पंखे या एसी नाम का उपकरण नहीं लगाया जाता था। आज यूरोप के इन देशों को भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। पर किसी भी देश की सरकार पर्यावरण के इस मुद्दे पर गंभीरता से कोई ठोस काम नहीं कर रही। अगर बिजली की खपत पर लौट कर आएं तो योगी जी की ए चिंता निर्मूल नहीं है। एक जमाने में खघ्स के पर्दे से ही भवन ठण्डे किए जाते थे। फिर कूलर का दौर आया और आज तो घर-घर ए सी लग गए हैं। पर एसी की जितनी खपत आम नागरिक करते हैं उससे कई गुना ज्यादा सरकारी और व्यवसायिक प्रतिष्ठान करते हैं। योगी जी अगर अपने मंत्रालयों के भवनों का औचक निरीक्षण करें तो पाएंगे कि जब अफसर और बाबू कमरों में नहीं होते तब भी वहां कई-कई ए सी फालतू चलते रहते हैं। यही हाल अन्य प्रांतों के सरकारी दफ्तरों का भी होता है। इसलिए बिजली की खपत कम करने की पहल जितनी नागरिकों की तरफ से जरूरी है, उतनी ही शासक वर्ग से भी है। हाइड्रो पॉवर या थर्मल पॉवर की बिजली बनाने की अनेकों सीमाएं हैं। इनसे उत्पादन बढ़ाना आसान नहीं होता। बिजली की आपूर्ति को सुनिश्चित करने का सबसे बढ़िया उपाय है, सोलर एनर्जी। भारत जैसे विशाल भूभाग वाले क्षेत्र में भवनों की छतों पर सोलर पैनल लगा कर प्रदूषण मुक्त बिजली पैदा की जा सकती है। चीन इस दिशा में बहुत आगे बढ़ गया है। वो अपनी आवश्यकता से कहीं ज्यादा बिजली सोलर पैनलों से पैदा कर रहा है। कोचीन का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पूरी तरह सोलर एनर्जी पर निर्भर है। इसलिए शेष प्रांतों में भी इस दिशा में तीव्रता से काम करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि मई 2026 में उत्तर प्रदेश ने 31,824 MW का रिकॉर्ड पीक डिमांड पूरा करने का दावा किया है। ऊर्जा मंत्री ए।के। शर्मा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड बताते हुए कहा कि शहरों में 24 घंटे और गांवों में 18-22 घंटे बिजली दी जा रही है। केंद्र सरकार भी पूरे देश में 270 GW से अधिक पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा करने का दावा कर रही है। 2012 के बड़े ब्लैकआउट की तुलना में यह प्रगति प्रभावित करती है, लेकिन इन आंकड़ों की चमक जमीनी हकीकत को छुपा नहीं पा रही। वास्तविकता यह है कि यूपी में ललितपुर व घाटमपुर जैसे थर्मल प्लांटों के बंद पड़े रहने से बिजली का संकट गहराया है। कोयला आपूर्ति की कमी और ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के पुरानेपन ने स्थिति और बिगाड़ दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में 6-12 घंटे तक बिजली गुल रहने की शिकायतें आम हैं। लखनऊ, गोंडा, वाराणसी जैसे शहरों में भी रात के समय बिजली की कटौती हो रही है। यहां तक कि भाजपा के विधायक भी इस मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। सरकार का दावा है कि मांग बढ़ने के कारण समस्या है, न कि उत्पादन की कमी। लेकिन सवाल उठता है कि जब हर साल गर्मी आती है और मांग बढ़ती है, तो तैयारी क्यों नहीं होती? पिछले वर्षों में क्षमता में वृद्धि हुई है, लेकिन वितरण व्यवस्था में सुधार अपर्याप्त रहा। ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर, पुरानी लाइनें और शाम के समय सोलर जनरेशन घटने के बाद की कमी को प्रबंधित करने की ठोस योजना नजर नहीं आती। ऊर्जा एक्सचेंज से भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही। क्योंकि पूरे उत्तर भारत में बिजली की मांग समान रूप से बढ़ी हुई है। यह संकट केवल गर्मी का नहीं, बल्कि नीतिगत विफलता का भी है। नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार के बावजूद, बैटरी स्टोरेज और स्मार्ट ग्रिड पर पर्याप्त निवेश नहीं हुआ। किसान, छोटे उद्योग और आम घरेलू उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी में बिजली न होने से स्वास्थ्य, पानी की आपूर्ति और आजीविका सब प्रभावित हो रही है। सरकार को अब संख्याओं से आगे बढ़कर समाधान पर ध्यान देना चाहिए। थर्मल प्लांटों का तुरंत रखरखाव, नई ट्रांसमिशन लाइनों का तेजी से निर्माण, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का आधुनिकीकरण और मांग प्रबंधन की बेहतर रणनीति जरूरी है। विद्युत क्षेत्र में प्रगति निश्चित रूप से हुई है, लेकिन संकट के समय यह प्रगति जनता तक नहीं पहुंच रही। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की जिम्मेदारी भारी है। सरकार को अब दावों से हटकर वास्तविक सुधार पर ध्यान देना होगा अन्यथा गर्मी के साथ-साथ जनाक्रोश भी बढ़ता रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



कोलकाता। राज्यव्यापी महिला मुफ्त बस यात्रा योजना लागू होने के बाद यात्रियों का टिकट देखती महिला कंडक्टर।

## जापान ने की ईरान से होर्मुज स्ट्रेट जल्द खोलने की मांग

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की और अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए सकारात्मक रुख अपनाने की अपील की। ताकाइची ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के पास समझौते का अच्छा मौका है और उसे इसका फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को जल्द से जल्द खोलने की भी मांग की। जापान का कहना है कि इस रास्ते से एशिया और दुनिया के कई देशों के जहाज गुजरते हैं, इसलिए वहां आवाजाही सुरक्षित और सामान्य होनी चाहिए।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों को और मजबूत किया

## दोनों देशों में समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग सहयोग पर नई पहलों पर सहमति बनी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूती से आगे बढाते हुए समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, परस्पर सैन्य संचालन क्षमता और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की। सिंह ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ मेरी एक बेहतरीन बैठक हुई। हमने मिलकर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की और इसे और आगे बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने पिछले



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत व ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की

वर्ष अक्टूबर पहले संवाद के बाद से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रूपरेखा को अंतिम रूप देने के प्रयासों का समर्थन किया और समुद्री गश्ती विमानों के बीच अधिक सहयोग के माध्यम से समुद्री क्षेत्रीय जागरूकता बढ़ाने पर सहमति जताई। साथ ही समुद्र के भीतर निगरानी के अवसरों का पता लगाने का भी निर्णय लिया गया। दोनों पक्षों ने भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया की समुद्री सीमा कमान के बीच गहरे सहयोग का भी समर्थन किया। उन्होंने स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा दृष्टिकोण के अनुरूप नौवहन और हवाई मार्ग की स्वतंत्रता, निर्बाध व्यापार तथा समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि सहित अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन के प्रति अपना समर्थन दोहराया। मंत्रालय ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के समुद्री सुरक्षा पर कार्य समूह के सह-अध्यक्ष के तौर पर, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए इस महीने चेन्नई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र में संयुक्त रूप से एक 'खोज और बचाव' तथा 'टेबलटॉप अभ्यास' आयोजित करने के लिए तैयार हैं।

दोनों पक्षों ने 2020 के 'पारस्परिक लॉजिस्टिक्स सहायता समझौते' के आधार पर अभ्यासों और अभियानों के लिए प्रक्रियात्मक अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थाओं का पता लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने परिचालन संबंधी समझ और तालमेल बनाने के लिए एक-दूसरे के क्षेत्रों से विमानों की तैनाती जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की। मंत्रियों ने घोषणा की कि भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा औद्योगिक सहयोग बढाने के अगले कदम के रूप में 'रक्षा सामग्री और रक्षा सेवाओं के प्रावधान' से संबंधित एक समझौता ज्ञापन को भी अंतिम रूप देने पर काम करेंगे। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग और संपर्क के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया, और इसे द्विपक्षीय रक्षा उद्योग संबंधों में हो रही वृद्धि का एक प्रतिबिंब माना।

# अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला

## ईरान ने जवाबी हमले में सीरिक आइलैंड के पास अमेरिकी ऑपरेशन में इस्तेमाल एयरबेस को निशाना बनाया

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी संघर्षविराम को आगे बढ़ाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के उद्देश्य से किए गए प्रस्तावित समझौते में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से कुछ बदलाव सुझाकर उसे वापस भेजने के बावजूद ईरान और अमेरिका के बीच हमलों और जवाबी हमलों का सिलसिला जारी है।

अमेरिका और ईरान के बीच सप्ताहांत में हुए इस ताजा सैन्य टकराव के बीच, परदे के पीछे राजनयिक प्रयास भी जारी हैं ताकि एक व्यापक समझौता किया जा सके और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत की रूपरेखा तैयार की जा सके। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने 'ईरान की आक्रामक कार्रवाइयों' के जवाब में शनिवार और रविवार को ईरानी सैन्य ठिकानों के खिलाफ 'आत्मरक्षा में हमले' किए। इस कार्रवाई के तहत दक्षिणी ईरान में रडार प्रणालियों और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल केंद्रों को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई ईरान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराए जाने के कथित दावे के



■ अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया

बाद की गई। सेंटकॉम ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया, जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजरने वाले वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के लिए खतरा बने हुए थे। अमेरिकी सेना ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान के दौरान किसी भी अमेरिकी कर्मी को चोट नहीं आई है। ईरान की ओर से भी इस पर जवाबी कार्रवाई की गई। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि उसने दक्षिणी ईरान पर हुए हमले के जवाब में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक हवाई ठिकाने (एयर बेस) को निशाना बनाया, हालांकि उन्होंने उस स्थान का नाम नहीं बताया।

ईरान ने यह भी दावा किया कि उसने एक ऐसे अमेरिकी एयर बेस पर हमला किया है जिसका इस्तेमाल खाड़ी में स्थित सिर्री द्वीप पर एक दूरसंचार केंद्र पर हमले करने के लिए किया गया था। आईआरजीसी ने इस बेस के स्थान की पहचान उजागर नहीं की, लेकिन चेतावनी दी कि अमेरिका की तरफ से किसी भी अगली सैन्य कार्रवाई का इससे कहीं अधिक कड़ा जवाब दिया जाएगा। यह घोषणा कुवैत द्वारा दिए गए उस बयान के तुरंत बाद आई, जिसमें अमेरिकी बेस की मेजबानी करने वाले कुवैत ने कहा था कि उसकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को हवा में ही रोक दिया है। हालांकि, कुवैती अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि ए मिसाइलें और ड्रोन कहां से दागे गए थे। यद्यपि अप्रैल की शुरुआत में संघर्षविराम लागू होने के बाद से दोनों पक्षों के बीच कई बार गोलीबारी हुई है, लेकिन हालिया घटनाओं ने इन चिंताओं को बढ़ा दिया है कि यदि राजनयिक प्रयास धीमे पड़े तो यह युद्धविराम टूट सकता है। अस्थायी संघर्षविराम को एक अधिक स्थायी समझौते में बदलने के उद्देश्य से चल रही बातचीत ने हाल के हफ्तों में गति पकड़ी है। ट्रम्प ने बार-बार भरोसा जताया है कि समझौता जल्द ही हो सकता है। सोमवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने आलोचकों से 'आराम से बैठने' का आग्रह करते हुए कहा कि ईरान 'वास्तव में समझौता करना चाहता है' और इसका परिणाम अंततः अमेरिका के पक्ष में होगा। खबरों के मुताबिक, समझौते के नवीनतम मसौदे में 60 दिनों के लिए युद्धविराम को बढ़ाने, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के उपाय और ईरान की परमाणु गतिविधियों पर बातचीत को दोबारा शुरू करने का एक ढांचा शामिल है। हालांकि, अभी तक किसी अंतिम समझौते की घोषणा नहीं की गई है।

## ईरान ने राष्ट्रपति पेजेशकियान के इस्तीफे की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के इस्तीफा देने की खबरों का खंडन किया है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने रविवार को मीडिया की उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि मसूद पेजेशकियान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय में संचार मामलों के उप-प्रमुख सैयद मेहदी तबातबाई ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति पेजेशकियान लोगों की सेवा करने से पीछे नहीं हटेंगे, ठीक वैसे ही जैसे ईरानी राष्ट्र एकजुटता और प्रतिरोध के मार्ग से पीछे नहीं हटेगा। यह टिप्पणी तब आई जब लंदन स्थित मीडिया संस्थान 'ईरान इंटरनेशनल' ने दिन में पहले यह रिपोर्ट दी थी कि पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। रिपोर्ट में एक अधिकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया कि उस पत्र में 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स' की आलोचना की गई थी।

## ईरान परमाणु समझौता चाहता है आलोचक शांत व निश्चित रहें: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है और उम्मीद है कि किसी भी संभावित समझौते से अमेरिका तथा उसके सहयोगी दोनों को लाभ होगा। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में राजनीतिक विरोधियों और अपनी ही पार्टी के कुछ सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि जारी बातचीत पर सार्वजनिक टिप्पणियां राजनयिक प्रयासों को और ज्यादा कठिन बना रही है। उन्होंने कहा कि ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है और यह समझौता अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स और कुछ रिपब्लिकन पर बातचीत को कमजोर करने का आरोप लगाया क्योंकि वे बार-बार अलग-अलग दृष्टिकोणों की वकालत कर रहे हैं, जिनमें बातचीत को तेज करना और सैन्य कार्रवाई करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि बस आराम से बैठिए क्योंकि अंत में सब कुछ ठीक हो जाएगा-हमेशा ऐसा ही होता है। ट्रम्प की ये टिप्पणियां पश्चिम एशिया में जारी राजनयिक प्रयासों एवं बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच आई हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते में और संशोधन करने की मांग की है जिसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाना और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत के लिए परिस्थितियां बनाना है।

## समझौते को कानूनी सुरक्षा देने का प्रावधान भी प्रस्तावित समझौते में शामिल: बघाई

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका ने मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के लिए संभावित समझौते में एक ऐसा प्रावधान शामिल किया है, ताकि इस समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के माध्यम से कानूनी सुरक्षा मिल सके। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हम अभी भी सामान्य प्रावधानों पर चर्चा कर रहे हैं।

इन 14 बिंदुओं में एक प्रावधान यह भी है कि यदि कोई समझौता होता है, तो उसे सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का रूप लेना चाहिए ताकि उसे कानूनी सुरक्षा मिल सके। राजनयिक ने यह भी कहा कि ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा, क्योंकि ईरान अतीत में इसके विपरीत अनुभव कर चुका है। इस बीच, कुवैत द्वारा



■ ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा

मिसाइल और ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला की रिपोर्टों के बाद, बघाई ने क्षेत्रीय ठिकानों और संपत्तियों पर जवाबी कार्रवाई करने के ईरान के अधिकार का बचाव किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पड़ोसी देशों के ठिकानों से शुरू की गई अमेरिकी हमले के खिलाफ आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए ईरान को दोषी ठहराने वाला यूरोपीय संघ (ईयू) का बयान चुनिंदा नैतिक आक्रोश का एक उदाहरण है, यह पाखंडी और लापरवाही भरा है। बघाई ने कहा कि यूरोपीय संघ को कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उन सिद्धांतों के प्रति वफादार रहना चाहिए जिनका वह लंबे समय से समर्थन करने का दावा करता आया है। उसे हमलावरों को खुश करना बंद करना चाहिए और उन लोगों को दोष देना बंद करना चाहिए जो अवैध हमलों का जवाब दे रहे हैं। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि देशों का यह स्थापित कानूनी दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र या संपत्ति का उपयोग दूसरे देशों पर आक्रमण करने के लिए न होने दें।

## मलेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक

**कुआलाम्पुर।** मलेशिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगाने वाले नए नियम लागू कर दिए हैं। अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटाक और यूटयूब जैसे प्लेटफार्म को उम्र जांचने की व्यवस्था करनी होगी। 16 साल से कम उम्र के यूजर्स अकाउंट नहीं बना सकेंगे। नियम तोड़ने पर कंपनियों पर 25 लाख डालर यानी करीब 24 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि अगर बच्चे किसी तरह नियम तोड़कर अकाउंट बना लेते हैं, तो उनके माता-पिता पर कार्रवाई नहीं होगी। सरकार का कहना है कि यह कदम बच्चों को हानिकारक कंटेंट, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए उठाया गया है।

# शादी के दिन हेलीकॉप्टर क्रैश में पायलट की मौत

## अमेरिका में हादसा, पत्नी का 6 घंटे बाद मलबे से रेस्क्यू, केरल के रहने वाले थे डेव फिजी

**जार्जिया।** अमेरिका के जार्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गई और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डासनविल के 'द रिवेरे' वेडिंग वेन्यू में हुई थी।

समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलीकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है। भारतीय मूल के पायलट डेव



फिजी की जेस्नी के साथ 29 मई को शादी हुई। डेव फिजी और जेस्नी के शादी समारोह में 400 से ज्यादा मेहमान शामिल हुए थे। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कहा कि मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जार्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी। दोनों परिवारों का संबंध अमेरिकी राज्यों साउथ कैरोलीना और जार्जिया के चर्च समुदायों से रहा है। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और दोनों ने जीवनसाथी बनने का फैसला किया। परिवार के मुताबिक, डेव फिजी बचपन से ही पायलट बनना चाहता था। उसने कड़ी मेहनत से अपना सपना पूरा किया और बाद में डेल्टा एयर लाइंस में फर्स्ट आफिसर बना। डेव को उड़ान और विमानों से बेहद लगाव था। परिवार ने बताया कि वह एक अनुशासित, जिम्मेदार और अपने काम के प्रति समर्पित पायलट था। 25 साल के डेव फिजी डेल्टा एयरलाइंस में फर्स्ट आफिसर थे।

हादसे से पहले डेव ने खराब मौसम को लेकर चिंता जताई थी। उनके पिता ने बताया कि शादी खत्म होने तक इलाके में घना कोहरा और बारिश हो रही थी, जिससे साफ देख पाना मुश्किल हो गया था। परिवार के मुताबिक, डेव ने हेलीकॉप्टर पायलट से कहा था कि ऐसी स्थिति में उड़ान नहीं भरनी चाहिए। हालांकि पायलट ने भरोसा दिलाया कि वह ज्यादा ऊंचाई पर उड़ान भरेगा, जिसके बाद यात्रा जारी रखी गई। उड़ान भरने के कुछ समय बाद हेलीकॉप्टर डासनविल के पास जंगल वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घने पेड़ों और कठिन भूभाग के कारण राहत दलों को दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में काफी समय लगा। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कि हेलीकॉप्टर का मलबा खोजने में कई घंटे लग गए। इसी वजह से बचाव अभियान भी देर से शुरू हो सका।

## भारतीय जमीन कब्जाने के दावे का नेपाली संसद में विरोध

### विपक्ष बोला: पीएम बालेन सबूत दें, या बयान वापस लें

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा था कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। इस बयान का आज नेपाल की संसद में जमकर विरोध हुआ, विपक्षी दलों ने बालेन शाह से भारत से जुड़े इस विवादित दावे पर जवाब मांगा।

विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे अपने बयान को वापस लें या फिर इसके समर्थन में ठोस सबूत पेश करें। विपक्ष का आरोप है कि प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला



■ प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है

है। सांसदों का कहना है कि बिना पर्याप्त सबूत के इस तरह का बयान देश की विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर असर डाल सकता है।

## युद्ध के मुकाबले बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता

### फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है: लेबनान

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने कहा है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि युद्ध की तुलना में बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता है और फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

जोसेफ आउन ने कहा, बातचीत से समस्या तुरंत हल नहीं होगी, लेकिन यही एक रास्ता है। बातचीत में देरी हो सकती है या कुछ रुकावटें आ सकती हैं, फिर भी यह आगे बढ़ रही है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब इजरायली



■ यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों में और हमले करने का आदेश दिया है। ईयू के प्रवक्ता ने कहा कि इजरायल को लेबनान में सैन्य तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई बंद करनी चाहिए। इजरायल को लेबनान की संप्रभुता और उसकी क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। सऊदी अरब ने कुवैत पर हुए ईरानी हमले की कड़ी निंदा की है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि वह इस हमले को पूरी तरह खारिज करता है। मंत्रालय के अनुसार, यह कुवैत की संप्रभुता का उल्लंघन है और अंतरर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। सऊदी अरब ने कहा कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों को कमजोर करती हैं और तनाव को और बढ़ाती हैं।

## कुवैत कीवायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोका

**कुवैत।** कुवैत की वायु सेना ने देश को लक्ष्य बनाकर दागी गई ईरानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक दिया है। यह घटनाक्रम सप्ताहांत में ईरानी सैन्य ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है कुवैती सेना के जनरल स्टाफ ने यह जानकारी दी है। जनरल स्टाफ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि फिलहाल, कुवैती वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन की मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक रही हैं। जनरल स्टाफ ने निवासियों से सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। यह घोषणा तब की गई जब अमेरिका ने कहा कि उसने आत्मरक्षा और क्षेत्रीय शिपिंग मार्गों की सुरक्षा का हवाला देते हुए गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरानी रडार और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल सुविधाओं पर हमला किया है। गौरतलब है कि कुवैत में अमेरिका का एक बड़ा सैन्य अड्डा स्थित है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक अमेरिकी अड्डे को निशाना बनाया है। आरोप है कि इस अड्डे का इस्तेमाल होर्मोजगान प्रांत में ईरान के सीरिक द्वीप पर हमले करने के लिए किया गया था।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108